संयम ◆ संस्कार ◆ संतुलन

R.N.I. No.-UPHIN/2004/22466

# शहर समता

वर्ष- 21 अंक- 275
पृष्ठ 8
शुक्रवार
27 जून 2025
प्रातः संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
मूल्य- 1.00

प्रयागराज से प्रकाशित    Email : shaharsamta@gmail.com    Website : https://Shaharsamta.com

सम्पादक- उमेश चन्द्र श्रीवास्तव

विविध- तेजी से घटाना है वजन तो डाइट...    विचार- ट्रंप और नेतन्याहू ईरान के आगे झुके    खेल- बल्लेबाज यशस्वी पर भारी उनकी...

## हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की मित्र: अमित शाह

**● भाषा सिर्फ़ संवाद का माध्यम नहीं, यह राष्ट्र की आत्मा है**



*"हिंदी का प्रचार-प्रसार तब तक नहीं हो सकता, जब तक अन्य सभी भारतीय भाषाएं मजबूत नहीं हो जातीं।"*
**अमित शाह, गृह मंत्री**

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि किसी भाषा का विरोध नहीं है, किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन आग्रह अपनी भाषा का महिमामंडन करने का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा बोलने का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा में सोचने का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए। और जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक हम गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकते। अमित शाह ने आगे कहा कि जहां तक घ्देश का सवाल है, भाषा सिर्फ़ संवाद का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। भाषाओं को जीवित रखना और उन्हें समृद्ध बनाना ज़रूरी है। आने वाले दिनों में हमें सभी भारतीय भाषाओं और ख़ास तौर पर राजभाषा के लिए ये सारे प्रयास करने चाहिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि मैं पूरे दिल से मानता हूं कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की दुश्मन नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की मित्र है, और हिंदी और भारतीय भाषाएं मिलकर ही हमारे स्वाभिमान कार्यक्रम को उसके अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं। इससे पहले अमित शाह ने कहा कि नशा युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या है और मोदी सरकार नार्को–कार्टेल पर बेरहमी से प्रहार कर रही है तथा नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन में वापस ला रही है। शाह ने यह बात श्अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवसश के अवसर पर श्नशा मुक्त भारतश की लड़ाई में योद्धाओं और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कही। उन्होंने श्एक्सश पर लिखा, ष्नशीली दवाएं हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं। मोदी सरकार इस खतरे से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, नार्को–कार्टेल पर निर्ममता से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन में वापस ला रही है।

## अब सुव्यवस्था का मॉडल बना गाजियाबाद: योगी




गाजियाबाद, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ग्रेटर गाजियाबाद के लिए योजना का अनावरण किया। इस बात पर जोर देते हुए कि ग्रेटर गाजियाबाद जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, सीएम योगी ने कहा कि नगर निगम में लोनी, खोड़ा और मुरादनगर नगर पालिका परिषदें शामिल होंगी। लोनी गाजियाबाद के उत्तरी भाग में स्थित है, जबकि मुरादनगर उत्तर–पूर्व में है, और खोड़ा जिले के दक्षिणी भाग में है। योगी ने कहा कि गाजियाबाद आज नए गाजियाबाद के रूप में चमक रहा है। जहां कभी इसके नाम पर गैंगवार और क्राइम फिल्में बनती थीं, वहीं अब यह स्वच्छता और सुव्यवस्थित शहर का मॉडल है। यह दुनिया के शीर्ष 50 स्वच्छ शहरों में शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि कोई सोच भी नहीं सकता था कि यह 12 लेन वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा और यह देश का पहला शहर होगा जहां रैपिड रेल चलेगी... जहां कभी कूड़े के पहाड़ हुआ करते थे, अब वहां सिटी फॉरेस्ट हैं। योगी आदित्यनाथ ने कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे जत्थे को शुभारंभ किट उपलब्ध कराया। सीएम ने इन यात्रियों का हृदय से अभिनंदन करते हुए सुखद–मंगलमय यात्रा की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहाकि देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना करता हूं कि इन सब पर कृपा बनी रहे। दर्शन करके आने वाले सभी यात्रियों को यूपी सरकार की तरफ से एक–एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। कैलाश मानसरोवर भवन हमने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थापित किया था। आज 200 से अधिक श्रद्धालु इस भवन में आकर यात्रा का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि बाबा दुग्धेश्वरनाथ मंदिर कॉरिडोर निर्माण समेत विकास–बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। स्टेडियम बनाने के लिए बीसीसीआई ने बहुत पहले यहां जमीन ली थी, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा।

### ऑपरेशन सिंधु : ईरान से 272 भारतीय, तीन नेपाली दिल्ली पहुंचे

नयी दिल्ली, एजेंसी। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से 272 भारतीयों और तीन नेपाली नागरिकों को लेकर एक और विमान कल मध्य रात्रि यहां पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने विशेष अभियान के बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि इस उड़ान के साथ अब तक पश्चिम



एशिया में तनाव के बीच ईरान से 3,426 भारतीय नागरिकों को वापस लाया जा चुका है। श्री जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत 25 एवं 26 जून को मध्य रात्रि 12.01 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंची एक विशेष उड़ान से 272 भारतीय और तीन नेपाली नागरिक यहां पहुंचे।

### राष्ट्रपति ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की

रांची,एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली पहुंचकर यहां इलाजरत राज्यसभा सांसद और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का कुशल



क्षेम जाना। इस मौके पर उन्होंने शिबू सोरेन के सुपुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और पुत्रवधू एवं विधायक कल्पना सोरेन से उनके स्वास्थ्य और चल रहे इलाज की पूरी जानकारी ली। राष्ट्रपति ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की।

### भूस्खलन के कारण वैष्णो देवी का नया मार्ग फिर बंद, पुराने मार्ग से तीर्थयात्रा जारी

जम्मू, एजेंसी। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए यहां पर 12 मास लोग आते है। हर मौसम में मां के द्वार खुले रहते हैं। बारिश के समय भी यहां पर दर्शन करने वालों की संख्या काफी ज्यादा रहती है। लेकिन कुछ समय से माता वैष्णो देवी की पहाड़ियों पर लगातार बारिश हो रही है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण वैष्णो देवी तीर्थयात्रा मार्ग एक बार फिर बाधित हो गया है, इस साल यह तीसरी बार है जब नए हिमकोटि मार्ग को बंद करना पड़ा है। अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण हिमकोटि मार्ग पर बड़ा भूस्खलन हुआ है, जिससे लगभग 30 फीट मलबा और बड़े–बड़े पत्थर मार्ग को अवरुद्ध कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, सुरक्षा कारणों से मार्ग पर बैटरी कार, केबल कार और हेलीकॉप्टर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत और निकासी अभियान तेजी से शुरू किया। जबकि नया मार्ग बंद है, यात्रा को पारंपरिक पुराने मार्ग से जारी रखने की अनुमति दी जा रही है।

## भारत ने एससीओ में आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इंकार किया

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ के नापाक इरादों को नाकाम करते हुए सदस्य देशों के आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की दो दिन की बैठक चीन के किंगदाओ में हो रही है। चीन की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सूत्रों ने गुरूवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर सदस्य देशों के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि चीन और पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में जम्मू– कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख नहीं करना चाहते थे और इसके बजाय पाकिस्तान में जाफर ट्रेन हाइजैक के मामले को वक्तव्य में शामिल करने पर आमादा थे। सूत्रों ने कहा कि भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जतायी और वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। इससे एससीओ की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले श्री सिंह ने बैठक



में सदस्य देशों के समक्ष आतंकवाद पर भारत का रूख स्पष्ट करते हुए दो टूक शब्दों में कहा था कि आतंकवाद का हर कृत्य आपराधिक तथा अनुचित है और संगठन को सामूहिक सुरक्षा के लिए इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होना चाहिए। श्री सिंह ने जोर देकर कहा, "शांति और समृद्धि आतंकवाद और सरकार से इतर तत्वों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार के साथ सह–अस्तित्व में नहीं रह सकती। आतंकवाद के अपराधियों, समर्थकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता है।" उन्होंने पाकिस्तान और चीन की मौजूदगी में साफ शब्दों में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बचाव और सीमा पार हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के ठिकाने अब सुरक्षित नहीं हैं और भारत उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेगा। श्री सिंह ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का उल्लेख करते हुए सदस्य देशों से सामूहिक सुरक्षा के लिए इस खतरे को समाप्त करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। रक्षा मंत्रियों, एससीओ महासचिव, एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी ढांचे (आरएटीएस) के निदेशक और अन्य प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित हैं, बढ़ती कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद इन समस्याओं का मूल कारण हैं।

### सरकार नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिबद्ध : शाह

नयी दिल्ली, एजेसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर इस समस्या से निपटने में जुटे सभी व्यक्तियों और संगठनों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्हें 'नशीली दवाओं से मुक्त भारत की लड़ाई में योद्धा और सहयोगी' करार दिया है। श्री शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किए गए अपने संदेश में नशीली दवाओं के खतरे की गंभीरता पर जोर दिया और कहा कि विशेष रूप से युवाओं पर इसके विनाशकारी प्रभाव होते हैं। उन्होंने कहा," नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर नशीली दवाओं से मुक्त भारत की हमारी लड़ाई में हमारे सभी योद्धाओं और सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं।" मादक पदार्थों के दुरुपयोग को खत्म करने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए श्री शाह ने कहा,"नशीली दवाएं हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी मुसीबत हैं। मोदी सरकार इस खतरे से निपटने के लिए मिलकर नार्को–कार्टेल पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन में वापस ला रही है।"

## दो पहिया वाहनों पर नहीं लगेगा को कोई टोल, नितिन गडकरी ने सभी अटकलों को बताया गलत

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि 15 जुलाई 2025 से दोपहिया वाहनों को टोल टैक्स देना होगा। मीडिया के दावों को खारिज करते हुए गडकरी ने कहा कि ऐसा कोई निर्णय प्रस्तावित नहीं है। उन्होंने बिना पुष्टि किए फर्जी खबरें प्रकाशित करने के लिए मीडिया घरानों की निंदा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ मीडिया घराने दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने के बारे में भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। ऐसा कोई निर्णय प्रस्तावित नहीं है।



दोपहिया वाहनों के लिए टोल पर छूट पूरी तरह जारी रहेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने भी इन फर्जी मीडिया रिपोर्टों की तथ्य–जांच की। एनएचएआई ने एक पोस्ट में कहा, फैक्टचेकः मीडिया के कुछ वर्गों ने रिपोर्ट की है कि भारत सरकार दोपहिया वाहनों पर उपयोगकर्ता शुल्क लगाने की योजना बना रही है। एनएचएआई स्पष्ट करना चाहता है कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। दोपहिया वाहनों के लिए टोल शुल्क लगाने की कोई योजना नहीं है। हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि 15 जुलाई से सभी दोपहिया वाहनों को राजमार्गों पर टोल टैक्स देना होगा। रिपोर्टों में आगे दावा किया गया है कि दोपहिया वाहनों को डिजिटल टोल संग्रह के तहत लाने के कदम के साथ सरकार यह सुनिश्चित करने की योजना बना रही है कि राजमार्गों के रखरखाव की लागत में हर कोई योगदान दे। वर्तमान में, टोल–टैक्स केवल चार पहिया वाहनों से ही वसूला जाता है। वर्तमान में, टोल–टैक्स केवल चार पहिया वाहनों से ही वसूला जाता है। इस कदम के साथ, सरकार टोल संग्रह को सुव्यवस्थित करने का लक्ष्य बना रही है।

### शहरों में घर खरीदना गरीबों के बजट से कोसों दूर : राहुल

नयी दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में आज कहा,"हां, आपने सही पढ़ा – और अगर यकीन नहीं हो रहा तो दोहरा देता हूं–मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा। यही हाल ज़्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एड़ियां घिस देते हैं। कहां से आएगी इतनी बचत।" उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं। बच्चों की महंगी शिक्षा,महंगे इलाज की चिंता, माता–पिता की ज़िम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी–सी गाड़ी। फिर भी दिलों में रहता है एक सपना – श्एक दिनश एक घर होगा अपना। मगर जब वो 'एक दिन' अमीरों के लिए भी 109 साल दूर हो तो समझिए गरीबों से सपनों का भी हक़ छीन लिया गया है।"

श्री गांधी ने कहा कि हर परिवार की ज़रूरत है, सुकून वाली चारदीवारी और सर ढ़कने वाली छत– मगर अफसोस आपकी पूरी जिंदगी की मेहनत और बचत से भी ज़्यादा है उसकी कीमत।

## नीट परीक्षा में धांधली की व्यापक स्तर पर हो जांच : कांग्रेस

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट में हो रही कथित धांधली को लेकर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनटीए) पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और कहा कि जिस एनटीए को इस परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है वह भ्रष्टाचारी एजेंसी बन गयी है और युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की एनटीए 'राष्ट्रीय भ्रष्टाचार एजेंसी' बन चुकी है। नीट परीक्षा होती है तो भ्रष्टाचार से जुड़ी नयी–नयी चीजें सामने आती हैं। एनटीए जो भी परीक्षा कराती है, उसका डेटा लीक हो जाता है।

एनटीए अविश्वनीय बन चुकी है और यह परीक्षा एजेंसी किसी भी परीक्षा को पारदर्शी तरीके से आयोजित नहीं कर पा रही है इसलिए इसके अधिकारियों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एनटीए के जरिए हो रही नीट परीक्षा के आयोजन में भ्रष्टाचार अत्यंत गंभीर तरीके से सामने आ रहा है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें कुछ लोग गिरफ्तार हुए हैं और इसमें गंभीर बात यह है कि प्राथमिकी में पैसा लेकर ओएमआर शीट बदलने की बात सामने आई है। नीट परीक्षा के माध्यम से बच्चे डॉक्टर बनते हैं जो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती है। इस प्राथमिकी के बाद एनटीए फिर शक के घेरे में है, लेकिन उसके खिलाफ अब तक कोई बड़ी जांच नहीं बिठाई गयी है।

कांग्रेस की मांग है कि एनटीए की जांच हो और नीट परीक्षा पारदर्शिता तरीके से आयोजित कराई जानी चाहिए।

## 4 लोगों ने महिला को किडनैप कर डेढ़ माह में अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर 2 बार किया गैंगरेप

### रतनपुरी थाने के दारोगा की भूमिका दिख रही है संदिग्ध

### अब पीड़िता ने पिता के साथ गांव से किया पलायन

मुजफ्फरनगर। दरअसल पूरा मामला बुढ़ाना सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र के एक गांव का है। जिसमें एक महिला की मदद से गांव के 4 लोगों ने एक विवाहिता के संग लगभग डेढ़ महीने के भीतर उसे अलग अलग स्थानों पर ले जाकर 02 बार गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। पहले वाले मामले में तो रतनपुरी थाने के एक दारोगा ने पीडिता पर ही दबाव बनाकर और आरोपियों से धमकी दिलवाकर मामला निपटा दिया था तो रतनपुरी पुलिस द्वारा क्लीन चिट मिल जाने से बैखोफ चारों आरोपियों ने फिर दोबारा से विवाहिता को अपने साथ ले जाकर कई दिनों तक उसके साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और उसके अश्लील वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। अब पुलिस पीडिता को बदचलन बता उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही। अब महिला 3 दिन से अपने गांव से पलायन कर बुढ़ाना क्षेत्र में रह रही है जबकि चारों आरोपी विवाहिता से फिर तीसरी बार बदनीयती करने के उद्देश्य से उसे तलाश रहे हैं और पुलिस किसी बड़ी घटना की इंतजार में है। इनमें दो आरोपी अपराधिक किस्म के बताए गये हैं जिनको रतनपुरी पुलिस कई संगीन अपराधिक मामलों में समय समय पर गोली मारकर जेल भेज चुकी हैं फिर भी रतनपुरी पुलिस आरोपियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं कर रही है। जिसके चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस ने गैंगरेप की शिकार महिला का आज तक भी मेडिकल नहीं कराया है।

–वेस्टर्न यूपी के जिला मुजफ्फरनगर से नसीम कुरैशी की एक खास रिपोर्ट

## पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की मनाई गई जयंती

प्रयागराज। जार्जटाउन स्थित जनता दल यूनाइटेड के कार्यालय में बुधवार को सामाजिक अधिकार दिवस के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की जयंती मनाई गई। इस दौरान वीपी सिंह के मंडल कमिशन को लागू कराने के समय किए गए संघर्ष को याद किया गया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव विपिन विनोद, महानगर अध्यक्ष प्रशांत सिंह, निखिल श्रीवास्तव, आशोक, रत्नाकर सिंह और जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## चुनाव की तैयारी शुरू, अफसरों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रयागराज। निर्वाचन आयोग की ओर से विधानसभा तथा पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में अफसरों का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। इसके अलावा मतदाता पुनरीक्षण अभियान भी चलाने का निर्णय लिया गया है। उसका भी प्रशिक्षण दिया गया। लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रयागराज से एसडीएम सदर अभिषेक सिंह, एसडीएम सोरांव हीरालाल सैनी, कोरांव की आकांक्षा राणा और करछना के एसडीएम तपन मिश्रा शामिल हुए।

## चार कोच बने नेशनल रेफरी

प्रयागराज। कौशाम्बी ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से 13 से 15 जून तक लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम इंडोर हॉल में ऑल इंडिया ताइक्वांडो एसोसिएशन का रेफरी व कोच के लिए सेमिनार आयोजित किया गया, जिसका परिणाम बुधवार को जारी हुआ। एसोसिएशन के चार कोच मंजू कुमारी, जय प्रकाश साहू, रवि कुमार व नवनीत कुशवाहा ने सफलता हासिल कर नेशनल रेफरी का दर्जा प्राप्त किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष बारा से विधायक डॉ. वाचस्पति, मधु वाचस्पति इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शारदा मिश्रा, सचिव गोपेश कुमार सेन, संयुक्त सचिव मंजू कुमारी, उपाध्यक्ष गणेश शंकर दुबे, टीम समन्वयक जय प्रकाश साहू, शैलेंद्र कुमार, अलोक कुमार शर्मा, सत्यम आर्या ने बधाई दी।

## नाले में मिला युवक का शव, नहीं हो सकी पहचान

प्रयागराज। शिवकुटी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर स्थित रिवर फ्रंट के पास स्थित नाले में बुधवार को 32 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की प्रयास की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया गया। मृतक ने नीला बनियान और काले रंग का हाफ नेकर पहना हुआ था।

## बिना रजिस्ट्रेशन संचालित दो अस्पताल, एक अल्ट्रासाउंड सेंटर व क्लीनिक सील

प्रयागराज। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को बिना पंजीकरण के संचालित दो हॉस्पिटल, एक अल्ट्रासाउंड सेंटर व एक क्लीनिक को सील कर दिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम पर कार्रवाई न करने का दबाव बनाया गया। इसके लिए टीम को पुलिस फोर्स का सहारा लेना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिकायतों के बाद सैदाबाद स्थित वाराणसी अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया। ऐसे में बिना पंजीकरण के संचालित पाए जाने पर सेंटर को सील कर दिया गया। इसके बाद टीम ने वारी तिराहे पर स्थित प्रयाग महिमा हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। यह अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित पाया गया। इसके अलावा प्रतापपुर ब्लॉक के समीप प्रयाग महिमा हॉस्पिटल की एक अन्य शाखा को संचालित पाया गया। इसके प्रबंधक भानु प्रताप सिंह हैं। ऐसे में टीम ने दोनों अस्पतालों को सील कर दिया। आरोप है कि कार्रवाई के दौरान भानु प्रताप सिंह ने खुद को एक चौनल का संचालक बताते हुए दबाव बनाने का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त बहरिया ब्लॉक के रज्जुपुर चौराहे पर स्थित नेहा क्लीनिक को भी बिना पंजीकरण संचालित होने पर सील कर दिया गया।

## कंपार्टमेंट व इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए 46 हजार से अधिक आवेदन

प्रयागराज। यूपी बोर्ड की वर्ष 2025 की हाईस्कूल की कंपार्टमेंट/इंप्रूवमेंट और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए 46360 छात्र–छात्राओं ने आवेदन किए हैं। हाईस्कूल में कंपार्टमेंट/इम्प्रूवमेंट के लिए 20759 आवेदन आए हैं। इनमें मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय के तहत 5283, बरेली के 4142, प्रयागराज के 2575, वाराणसी के 6613 व गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के तहत 2146 आवेदन शामिल हैं। इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आए कुल 25501 आवेदनों में मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय के 5291, बरेली के 3092, प्रयागराज के 6978, वाराणसी के 6973 व गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के 3167 आवेदन शामिल हैं।

### •हेट स्पीच मामला

# अब्बास अंसारी को कोर्ट से झटका, याचिका खारिज, फॉरेंसिक रिपोर्ट और सीडी को दी थी चुनौती



प्रयागराज। हेट स्पीच मामले में अब्बास अंसारी को हाईकोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। अब्बास ने मऊ ट्रायल कोर्ट में पेश की गई हेट स्पीच से संबंधित फॉरेंसिक रिपोर्ट और सीडी को चुनौती दी थी।

मऊ के सदर विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को निष्फल घोषित करते हुए खारिज कर दी है और मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने यह आदेश दिया। अब्बास ने आरोप लगाया था कि हेट स्पीच की सीडी को तोड़–मरोड़ कर पेश किया गया है। उन्होंने मऊ की एमपी–एमएलए कोर्ट में पुलिस की ओर से पेश की गई हेट स्पीच से संबंधित ऑडियो की फॉरेंसिक रिपोर्ट और सीडी को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में विलंबित चरण में दाखिल सीडी व फॉरेंसिक रिपोर्ट पर विचार न करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि संबंधित मामले में ट्रायल पूरा हो चुका है और संबंधित कोर्ट ने 31 मई, 2025 को आदेश पारित कर दिया है। वहीं, याची अधिवक्ता ने दलील दी कि निर्णय आने के बाद भी आवेदन में उठाए गए आधार अभी भी विचाराधीन हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि वर्तमान मामले का ट्रायल पूरा हो चुका है और निर्णय भी सुनाया जा चुका है।

### विस चुनाव के दौरान अधिकारियों को धमकी देने का मामला

विधानसभा चुनाव के दौरान 4 मार्च, 2022 को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रत्याशी अब्बास अंसारी, उनके भाई उमर अंसारी और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ हेट स्पीच देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था।

मऊ कोतवाली में दर्ज एफआईआर में आरोप है कि 3 मार्च, 2022 को एक चुनावी जनसभा में अब्बास ने प्रशासनिक अधिकारियों को धमकी दी थी। इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हुआ था। इस मामले में 31 मई, 2025 को सीजेएम कोर्ट ने अब्बासको दो साल की सजा सुनाई थी और तीन हजार रुपये जुर्माने लगाया था।

### •एसीएम की पत्नी के इलाज में लापरवाही का आरोप

# महिला डॉक्टर पर FIR, बार-बार एनेस्थीसिया का आरोप

प्रयागराज। वाराणसी के रहने वाले एसीएम प्रयागराज के डीएम से शिकायत की थी। आरोप था कि उनकी पत्नी को बार–बार एनेस्थीसिया दिया जा रहा था। डीएम ने जांच कमेटी गठित की। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई।

जनपद में तैनात एसीएम अविनाश सिंह यादव की पत्नी के इलाज में लापरवाही से चलने फिरने में असमर्थ होने के आरोप पर महिला डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि कमला नेहरू मेमोरियल अस्पताल की एनेस्थेटिस्ट डॉ.शुभ्रा घोष ने चिकित्सकीय लापरवाही की। इससे एसीएम की पत्नी चलने–फिरने में असमर्थ हो गईं। कर्नलगंज पुलिस जांच में जुटी है। अविनाश मूलरूप से गाजीपुर के रहने वाले हैं और 2021 बैच के पीसीएस अफसर हैं। वह मौजूदा समय में जनपद में एसीएम प्रथम के पद पर तैनात हैं और एमएलएन मेडिकल कॉलेज कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। उनके श्वसुर नंदलाल यादव वाराणसी के सारनाथ स्थित बुध नगर कॉलोनी के रहने वाले हैं और सेना से लेफ्टिनेंट कर्नल पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गर्भावस्था के दौरान उनकी बेटी साधना यादव का इलाज कमला नेहरू अस्पताल की डॉ. आई परिहार कर रही थीं। नौ अप्रैल को उसे डिलीवरी के लिए कमला नेहरू मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, 10 अप्रैल को उसका सी–सेक्शन (ऑपरेशन) किया गया।



### अब होगी कार्रवाई

आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉ. शुभ्रा घोष के बार–बार एनेस्थीसिया देने के कारण बेटी को नर्व इंजरी हो गई। इससे उसका दाहिना पैर प्रभावित हो गया और वह चलने–फिरने में असमर्थ हो गईं। मामले की शिकायत डीएम से की गई, जिनके आदेश पर सीएमओ ने एक जांच समिति गठित की। जांच में डॉ. शुभ्रा घोष को दोषी पाया गया और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई।

शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी बेटी मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से अत्यधिक परेशान है। नवजात बच्ची की देखभाल भी ठीक से नहीं कर पा रही है। वर्तमान में उन्हें उसे लेकर इलाज के लिए लेकर वाराणसी और लखनऊ के अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

23 जून को उन्होंने इस मामले में कर्नलगंज थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। एसीपी कर्नलगंज राजीव कुमार यादव ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपों की जांच की जा रही है।

सीएमओ डॉ. एके तिवारी ने कहा कि डीएम के निर्देश पर जांच टीम का गठन किया गया था। इसमें मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर भी थे। जांच में डॉक्टर दोषी पाई गईं।

### आरोप गलत, कोर्ट में लगाई है गुहार

इस मामले में आरोपी डॉ. शुभ्रा घोष से संपर्क नहीं हो पाया। उनकी बेटी उदिता का कहना है कि मां पर लगे आरोप गलत हैं और वह इससे बेहद परेशान हैं। दावा किया कि उन पर की गई कार्रवाई के खिलाफ उन्होंने कोर्ट में गुहार लगाई है और उन्हें राहत भी मिली है।

# जिला जज और डीएम ने किया केंद्रीय कारागार का निरीक्षण

प्रयागराज। जिला जज और जिलाधिकारी ने बुधवार को केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। माफिया अतीक अहमद के बेटे अली की बैरक से पैसा मिलने के बाद सेंट्रल जेल पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस मामले में डिप्टी जेलर और वार्डर को निलंबित किया गया है। जांच के लिए तीन सदस्य की टीम बनाई है।




बुधवार शाम को जिला जज संजीव कुमार, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ केंद्रीय कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों की टीम ने जेल की बैरकों की तलाशी ली। साथ ही बंदियों की समस्याओं को भी सुना। साथ ही उन्हें मिलने वाली सुविधाओं का भी अवलोकन किया। जेल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए, मुलाकात की व्यवस्था के बारे में जेल अधिकारियों से पूछताछ की। बाद में जेल के अस्पताल में जाकर वहां भर्ती बंदियों से पूछताछ की।

निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम को भी देखा गया। अधिकारियों ने हाई सिक्योरिटी सेल और हाई सिक्योरिटी बैरक का भी निरीक्षण किया। जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को परोसे जाने वाले भोजन को भी देखा। इस दौरान डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम एवं सीजेएम त्रिशा मिश्रा के साथ केंद्रीय कारागार के अधिकारी भी मौजूद रहे। वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंगबहादुर पटेल ने बताया की यह आंशिक निरीक्षण था जो पूरी तरह से संतोषजनक रहा।

# ताला जड़कर महिला ने कमरे में लगाई आग

### अंदर फंसे बुजुर्गों को दमकल कर्मियों ने बचाया

प्रयागराज। पुराना कटरा स्थित एक मकान में बुधवार दोपहर भीषण आग लगने से दो बुजुर्ग अंदर ही फंस गए। आग की लपटें इतनी ज्यादा थी कि पूरा मकान धुएं से भर गया। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों की टीम ने किसी तरह से आग पर काबू पाया और अंदर फंसे दोनों बुजुर्गों को सही सलामत बाहर निकाला। पता चला कि पारिवारिक विवाद के चलते मकान में रह रही महिला ने ही कमरे में ताला जड़कर आग लगाई थी। पुराना कटर के मयूर रोड स्थित मकान नंबर 110 में आसिमा बीबी अपने परिवार के संग रहती हैं। दोपहर करीब 2रू20 बजे कमरे में आग लग गई। इस दौरान आसपास के लोगों ने शोर मचाकर पानी की बाल्टी से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, लपटें इतनी अधिक थी कि पूरे कमरे में आग फैल गई। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. आरके पांडेय के नेतृत्व में टीम लीडर राजकुमार समेत अन्य दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। देखा कि कमरे के दरवाजे पर ताला जड़ा हुआ है। पिछले रास्ते से पहुंची टीम ने मुख्य दरवाजा तोड़कर करीब एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच पता चला कि इसी कमरे के सामने दूसरे मकान में दो बुजुर्ग व्यक्ति फंसे हुए हैं। धुआं पूरे कमरे में भर गया था। इसके बाद टीम ने दोनों बुजुर्गों को सही सलामत बाहर निकाला। घटना के वक्त दोनों व्यक्ति अपने कमरे में सो रहे थे। वहीं, मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. आरके पांडेय ने बताया कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि आसिमा बीबी का पिछले लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा है। इसके चलते उसने अपने कमरे में आग लगाकर बाहर से ताला जड़ दिया। आग में बिस्तर, फर्नीचर और कपड़े समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। वहीं, कर्नलगंज थाना पुलिस महिला का बयान दर्जकर जांच में जुट गई है।

## नवाबगंज में रेलवे ट्रैक पर युवक की सिर कटी लाश मिली

प्रयागराज– लखनऊ रेल पथ मार्ग पयासी का पूरा के सामने बुधवार को युवक का सिर विहीन शव मिलने पर खलबली मच गई। देर शाम मृतक की पत्नी ने पोस्टमार्टम हाउस में शव की शिनाख्त की। मृतक के भाई ने हत्या की तहरीर दी है। अर्पित कुमार मिश्रा (30) पुत्र मनोज कुमार मिश्रा निवासी प्रेम मिसिर का पूरा (कोराली) थाना नवाबगंज घर पर रहकर खेती करने के साथ सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदार थे। बताया गया कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह बाइक से घर से बाजार के लिए निकले थे। जिनका सिर विहीन शव रेल पथ मार्ग थाना नवाबगंज के पयासी का पूरा गांव के पास मिला। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की जानकारी जीआरपी पुलिस ने नवाबगंज पुलिस को दी गई। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए सिर की तलाश में जुट गई। करीब पांच घंटे के प्रयास के बाद भी पुलिस को कामयाबी नहीं मिली। पुलिस का मानना है कि कोई जानवर सिर उठा ले गया होगा। अर्पित मिश्रा के सुबह घर न पहुंचने पर परिजन तलाश में लग गए। शाम करीब 6 बजे मृतक की पत्नी प्रीति ने शव की पहचान में अपना पति बताया। जानकारी गांव पहुंची तो कोहराम मच गया। थाना प्रभारी द्वारा मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया, लेकिन कोई साक्ष्य नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक के शव के पास दो सिगरेट व 310 रुपये मिले हैं।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सिर की काफी देर तक तलाश की गई, लेकिन नहीं पता चला। लगता है कोई जानवर सिर उठा ले गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। –राघवेंद्र सिंह थाना प्रभारी नवाबगंज

## 13 छात्रों को 70 से 99 लाख का मिला पैकेज



प्रयागराज। ट्रिपलआईटी में इस साल प्लेसमेंट का प्रदर्शन उम्दा रहा। बीटेक आईटी के विपुल जैन ने जहां सर्वाधिक 1.45 करोड़ रुपये का पैकेज हासिल किया है। वहीं, 13 छात्रों को 70 लाख से लेकर 99 लाख तक के पैकेज मिले और 70 छात्रों को 50 लाख से लेकर 69 लाख तक के पैकेज मिले। ये आंकड़े न केवल भारत के तकनीकी शिक्षा परिदृश्य में संस्थान के बढ़ते कद को उजागर करते हैं, बल्कि अत्यधिक मांग वाली तकनीकी प्रतिभाओं को तैयार करने के लिए ट्रिपलआईटी की प्रतिष्ठा को भी मजबूत करते हैं। अजीत सिंह ने बताया कि इस साल एमटेक आईटी और ईसी के 12 छात्रों को सर्वाधिक 45 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर नौकरी मिली है। परास्नातक (पीजी) के 122 विद्यार्थियों में से 105 को नौकरी मिली है। इस बार देश–विदेश की की सैकड़ों कंपनियों ने प्लेसमेंट में हिस्सा लिया था।

## बछिया को बचाने कुएं में उतरे युवक की दलदल में फंसकर मौत

प्रयागराज। क्षेत्र के अंधियारी गांव में कुएं में गिरी बछिया को बचाने उतरे बाइक मैकेनिक की दलदल में फंसकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बछिया और युवक को करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद कुएं से बाहर निकाला। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने स्वरूप रानी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। देर रात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंधियारी गांव निवासी देवी चरन उर्फ फुन्नन (30) पुत्र इंदमल दो बहन तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह बाइक मैकेनिक का काम करता था। बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे देवी चरन विश्वकर्मा गाय का दूध निकालने के लिए कुएं के पास गया था। उसने बछिया को जैसे ही खोला वह उछलकर कुएं में जा गिरी। बछिया को कुएं से निकालने के लिए कुछ लोग मौके पर जमा हो गए। देवी चरन ने दिलेरी दिखाते हुए रस्सी के सहारे कुएं में उतरने का फैसला किया। बछिया को एक बड़े टोकरे में डालकर बाहर निकाला जा रहा था, तभी रस्सी टूट गई और देवी चरन भी कुएं के अंदर गिर गया। कुएं में दलदल होने के कारण वह फंस गया। कई लोग कुएं में उतरे तो देवी चरन दलदल में गहरे धंस चुके थे। काफी मशक्कत के बाद उन्हें अचेत अवस्था में बाहर निकाला जा सका। परिजन युवक को अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने स्वरूप रानी चिकित्सालय रेफर कर दिया। चौकी प्रभारी विपिन कुमार पाल ने बताया कि युवक को कुएं से बाहर निकाला गया।

## डॉ.आकांक्षा पाल को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह में किया गया सम्मानित



प्रयागराज। त्रिभुवन विश्वविद्यालय पदमकन्या बहुमुखी कैंपस काठमांडू (नेपाल), अपराजिता फाउंडेशन काठमांडू (नेपाल) तथा गुरु विद्यापीठ रोहतक हरियाणा (भारत) के संयुक्त तत्वावधान में काठमांडू (नेपाल ) में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज, प्रयागराज की संगीत प्रवक्ता डॉ. आकांक्षा पाल को ूवतसक ंबं. कमउपब ंबीपमअमउमदज ूतक 2025 से अलंकृत किया गया। आपके राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 35 से अधिक शोध प्रपत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं। इसके साथ ही आपकी कई पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी है। इसके अतिरिक्त आपको कई संगीतिक एवं साहित्यिक सम्मानों – चाणक्य मेघा साहित्य शिखर सम्मान , मातृशक्ति सम्मान, शहर समता साहित्य दीप सम्मान ,त्रिवेणी रत्न सम्मान, शहर समता गौरव सम्मान, लाल बहादुर शास्त्री स्मृति सम्मान, जय श्री शिक्षा सम्मान, वागीशा वरद सम्मान , कैलाश गौतम सम्मान, डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान , अटल बिहारी वाजपेई स्मृति सम्मान इत्यादि सम्मानों से अलंकृत भी किया जा चुका है। आप कई सामाजिक संस्थाओं के सम्मानित पदों पर भी कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही आप प्रसार भारती की राष्ट्रीय उद्घोषिका भी है।

## मुज़फ्फरनगर गाँधी कालोनी फ्लाईओवर पर गाँधी कालोनी सोसिएटी ने सड़क में गैप भरने का किया कार्य



मुज़फ्फरनगर। गाँधी कॉलोनी फ्लाईओवर पर पिछले दिनों सड़क बनाई गई थी नई बनी सडक के बीच मे गैप रह गए थे जिसके कारण आने जाने वालो राहगीरो को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिस कारण जनहित मे आज गाँधी कॉलोनी सोसाइटी की पूरी टीम ने मौके पर पहुँच कर सड़को के बीच मे हुए गैप को भरने का काम करवाया इस कार्य मे सभी कॉलोनी वासियो का सहयोग सोसाइटी टीम को मिला व कॉलोनी निवासी इन्दर माथुर ने अपनी देख रेख मे कराया।

## अखिलेश यादव से मिले मोरना क्षेत्र के सपा कार्यकर्ता

मोरना। क्षेत्र के सपा कार्यकर्ताओ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से भेंट कर इटावा मे कथावाचक के साथ हुई घटना पर रोष प्रकट किया।साथ ही क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। तेवडा निवासी जिला पंचायत सदस्य मौ मूसा ने जानकारी देकर बताया की मीरांपुर विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान संग



कार्यकर्ताओ का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिला है। जहां इटावा मे कथा वाचक के साथ हुई घटना पर रोष प्रकट किया गया। मौ. मूसा ने बताया की समाजवादी सरकार के कार्यकाल मे मोरना क्षेत्र के सभी प्रमुख मार्गो का चोड़ीकरण हुआ था।निर्बाध विद्युत आपूर्ती के लिया बिजली घरों का निर्माण कराया गया था। साथ ही नागरिकों की सुरक्षा के लिए डायल 100 व तडित स्वास्थ्य सेवा के लिए डायल 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा प्रदान की गयी थी। आज क्षेत्र अनेक समस्याओं से ग्रस्त है। भ्र्ष्टाचार चरम है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। आगामी सरकार समाजवादी पार्टी की होगी। जिसके लिए कार्यकर्ता उत्साह के साथ कार्य कर रहे हैं।

## मोहर्रम माह को लेकर ताजियादारों की गोष्ठी आयोजित

भोपा। आगामी मोहर्रम माह मे निकलने वाले ताजिया के जुलुस व मजलिस को लेकर गुरूवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अलग–अलग क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में आगामी त्यौहार को शांति, सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक



ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि ताजिया जुलूस के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है और ताजिया की ऊंचाई आठ फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही ताजिये जुलूस के दौरान डीजे नहीं रहेगा। उन्होंने आगामी मोहर्रम त्यौहार को सभी लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। पुलिस ने जनप्रतिनिधियों से ताजिया जुलूस के रूट चार्ट पर विशेष चर्चा की। गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों को मोहर्रम को भाईचारे व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए ताजिया जुलूस, रूट पर शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था तैनात की जाएगी।

# मदद फाउंडेशन के प्रयास से प्रयागराज में लाखों निराश्रितों को मिला स्वच्छ पेयजल

प्रयागराज। प्रयागराज में भीषण गर्मी के बीच फुटपाथ पर जीवनयापन करने वाले निराश्रितों दिव्यांगों और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में मदद फाउंडेशन की मुहिम रंग लाई है। संस्था के अथक प्रयासों और स्थानीय प्रशासन विशेषकर जलकल विभाग व नगर निगम के सहयोग से शहर भर में व्यापक पेयजल व्यवस्था स्थापित की गई है, जिससे हजारों लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

मदद फाउंडेशन के संरक्षक दिनेश तिवारी के नेतृत्व में संस्था के दर्जनों पदाधिकारियों ने इस गंभीर मानवीय मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करने के लिए नगर आयुक्त मेयर गणेश केसरवानी और जलकल विभाग को ज्ञापन सौंपा था। इस पहल का सकारात्मक परिणाम यह हुआ कि जलकल विभाग ने महीने भर के अंदर ही कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की। इसका लाभ न केवल जरूरतमंदों को मिल रहा है, बल्कि आम शहरवासी और यात्री भी इस सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं।

मदद फाउंडेशन के संस्थापक मंगला प्रसाद तिवारी ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा हमारी संस्था पिछले तीन वर्षों से रविवार की रसोई के माध्यम से फुटपाथ



पर रहने वाले लोगों को निशुल्क भोजन और पानी मुहैया करा रही है। हम उनके स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भी लगातार प्रयासरत हैं। स्वच्छ पेयजल की यह व्यवस्था हमारी एक और बड़ी सफलता है, जिससे हजारों बेघर लोगों को सीधे तौर पर लाभ होगा और उन्हें इस तपती गर्मी में जीवनरक्षक सहारा मिलेगा। जलकल विभाग और प्रयागराज नगर निगम ने इस महत्वपूर्ण कार्य में सराहनीय कदम उठाए हैं। शहर के प्रमुख चौराहों और अत्यधिक भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर निम्नलिखित पेयजल सुविधाओं की स्थापना की गई है। शहर में 34 टैंक पोस्ट लगाए गए हैं। यह टैंक पोस्ट उन क्षेत्रों में लगाए गए हैं जहाँ पानी की तत्काल और बड़ी मात्रा में आवश्यकता होती है। प्रभावी तरीके से ठंडे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 24 पेयजल प्याऊ (मटका) लगाए गए हैं। इसके अलावा 7 वॉटर एटीएम जो आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए स्वच्छ पानी प्राप्त करने में मदद करेंगे। 4 वॉटर कूलर की मदद से ठंडे पानी की निरंतर आपूर्ति की जाएगी।

इन सुविधाओं को शहर के निम्नलिखित प्रमुख स्थानों पर स्थापित किया गया है। फव्वारा चौराहा मम्फोर्डगंज बाबा चौराहा अशोक नगर राजापुर हनुमान मंदिर जीरो रोड बस अड्डा शांति पुरम चौराहा गोविंदपुर चौराहा इलाहाबाद विश्वविद्यालय चौराहा नैनी गाँव चाका सिविल लाइन हनुमान मंदिर। इसके अतिरिक्त जोगी वीर चौराहा सुभाष चौराहा सिविल लाइन बस स्टैंड हनुमान मंदिर और मेडिकल चौराहा जैसे स्थानों पर भी टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट लगाए गए हैं। मदद फाउंडेशन की पहल न केवल गर्मी के प्रकोप से राहत प्रदान कर रही है, बल्कि उन लोगों के लिए भी वरदान साबित हो रही है जो खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर हैं। मदद फाउंडेशन की यह मुहिम एक बार फिर इस बात का प्रमाण है कि जब सामाजिक संस्थाएँ और प्रशासन मिलकर काम करते हैं तो समाज के सबसे कमजोर वर्ग के जीवन में भी सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाया जा सकता है। यह प्रयागराज में सामुदायिक सहयोग और मानवीय संवेदनशीलता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# आगामी दो जुलाई को भारतीय किसान यूनियन तोमर एस एस पी कार्यालय पर करेगा महापंचायत

### सभी किसानों से इस किसान सम्मान बचाओ महापंचायत में पहुंचने का किया आह्वान

मुजफ्फरनगर। भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव ने गांव पूरा मे प्रदेश सचिव नीशू त्यागी के आवास पर हुई सभा का संचालन शहजाद मलिक ने किया और सभा मे सैकडो किसानों ने भाग लिया आज सभा मे नई मंडी पुलिस का लाठी चार्ज का मुद्दा छाया रहा संगठन के राष्ट्रीय चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि बडे ही दुख के साथ कहना पड रहा कि किसान अन्न दाता है और पूरे देश का पेट पालने का काम कर रहा है और उसके बाद भी किसान को पुलिस कि लाठी खानी पड रही है उन्होने कहा कि अगर मुजफ्फरनगर पुलिस ये सोच रही है कि किसानों पर लाठीचार्ज करके उन्हें डरा दिया जाऐगा या फिर उनका मनोबल तोड दिया जाऐगा ऐसा नही होगा और संगठन आगामी 2 जुलाई को कप्तान औफिस पर किसान सम्मान बचाओ महापंचायत कर लाठी चार्ज का जवाब दिया जाऐगा और किसानो का सम्मान सर्वे परी है चौधरी संजीव तोमर ने कहा है कि जनपद मुजफ्फरनगर



क्रांतिकारी कि धरती है किसी भी तरह भाकियू (तोमर) पीछे नही हटेगा लाठी चार्ज के दौरान हमारे किसानो और महिलाओं को मंडी पुलिस द्वारा घसीटकर पीटा गया जिसके कुछ फोटो भी वायरल हो रहे जिसमे कुछ पुलिसकर्मी किसानों व महिलाओं के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे है। निहत्थे किसानो पर लाठीचार्ज चार्ज कर पुलिस अपनी बहादुरी का परिचय दे रही है लाठी चार्ज के दौरान कुछ पुलिसकर्मी कर्मी शादी वर्दी मे भी मौजूद थे चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि इतना बडा मामला होने के बाद हमारी सरकार और मुजफ्फरनगर प्रशासन मौन है चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि जबतक दोषी पुलिसकर्मीयो को सस्पेंड नही किया जाता तब संगठन कप्तान औफिस। पर गाजीपुर बौर्डर कि तर्ज पर अनिश्चितकालीन पंचायत करेगा चाहे कुछ भी हो संगठन पीछे नही हटेगा और पीड़ित किसानों को इंसाफ दिलाने का काम करेगा।

इस मौके पर मुख्य रूप जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष महबूब बालियान पवन त्यागी दीपक तोमर हनी चौधरी अमित किलशना त्यागी विकास त्यागी प्रदीप त्यागी कालू राम त्यागी प्रमोद त्यागी सचिन त्यागी रजनीश त्यागी नरेन्दर त्यागी नौ बहार यशपाल कश्यप रामकुमार जाटव आदि मौजूद रहै।

## भारत विकास परिषद मुज़फ्फरनगर शाखा मेन की हुई शहर की समस्याओं पर चर्चा

मुजफ्फरनगर। भविप मेन शाखा परिषद् परिवार की एक बैठक अध्यक्ष संजय मिश्रा के प्रतिष्ठान नवीन मन्डी स्थल पर हुई जिसमें जनपद मुजफ्फरनगर की विभिन्न समस्याओं पर विचार–विमर्श किया गया मुख्यतः जनपद में हल्की बारिश से जलभराव की समस्या होने पर होने वाली परेशानीयो पर विचार विमर्श हुआ व माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा गढ्ढा मुक्त सड़कौ के आदेश



के बावजूद मुजफ्फरनगर में अधिकांश सड़को पर गड्ढे ही नजर आते हैं जिससे हर समय कोई ना कोई दुघर्टना का भय लगा रहता है जरा सी बारिश होने पर और ज्यादा ईन गढ्ढो से दुघर्टनाए आए दिन होती रहती है विश्वकर्मा चौक से टिकैत चौक तक टुटे हुए डिवाइडर व सीमैन्ट से बने डिवाइडर आड़े तिरछे हुए हैं जिसे भी प्रशासन को ठीक और व्यवस्थित ढंग से करवाया जाना चाहिए व नगरपालिका को कुड़ा निरंतर उठवाया जाना चाहिए व बारिश व कांवड़ यात्रा को लेकर नालों की सफाई पर विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए सचिव नवनीत गुप्ता ने कहा कि विभागीय व्यवस्था सभी कागजी कार्रवाई में ही चल रही जनता परेशान हो रही है उससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता चाहै व जनप्रतिनिधि हौ या प्रशानिक लोग शाखा संरक्षक हर्षवर्धन जैन अशोक सिंघल ओ डी शर्मा जी ने जनपद मुजफ्फरनगर में बताया जिधर से सड़क मार्ग पर निकलो कुड़ा व गंदगी एक गंभीर समस्या है आनै वाले मानसुन से पहले इन समस्याओं का निवारण होना चाहिए ही तो बिमारियों का प्रकोप और बढ जाएगा कुड़ा की गाड़ियों व रेहडै व ट्रैक्टर ट्राली ढक कर लें जाने चाहिए जो बिना ढके ही ले जाए जाते रहते हैं। उपस्थित होने वाले सदस्यों में हर्षवर्धन जैन मनीष गर्ग डॉ दीपक गर्ग बृजमोहन शर्मा पुरुषोत्तम सिंघल डॉ बीकेआत्रेय अशोक सिंघल सुखबीर सिंह मनोज राठी अरूण मित्तल डॉ अंजलि गर्ग विनीत गुप्ता नवनीत गुप्ता नीरज सिंघल आदि उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर सूक्ष्म जलपान के साथ हुआ।

## डेढ माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

भोपा। निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। गुरूवार को डेढ माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने गांव निवासी रिहान उर्फ कल्लू के विरूद्ध तहरीर दी थी कि वह उस पर बुरी नीयत रखता था। बीते 15 मई की दोपहर तीन बजे वह अपने खेत पर काम करने गई थी तभी वहां आरोपी महिला के पास आया और उसके साथ छेडछाड करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की। शोर सुनकर खेत में काम कर रहा महिला पति भी आ गया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।






## हाथीझूल आम

(कुण्डलिया)



बस्तर का यह आम है, सुनिए इसका भार।
कहते 'हाथी झूल' है, पाँच किलो के पार।
पाँच किलो के पार, वज़न है इसका रहता।
हाथी–सा मदमस्त, पेड़ पर झूला करता।
सुन लो कहें प्रदीप,स्वाद भर अपने अन्दर।
दे अपनी पहचान, बताता क्या है बस्तर।।

अद्भुत प्यारा आम है, कहते'हाथी झूल'।
पकता है यह देर में, बस्तर के अनुकूल।
बस्तर के अनुकूल, देंह है भारी भरकम।
व्यंजन बनकर कई, खुशी यह बाँटे हरदम।
सुन लो कहें प्रदीप,सदा कर खुद को प्रस्तुत।
आमों का यह आम,न कहता हम हैं अद्भुत।।

**डॉ. प्रदीप चित्रांशी**
लूकरगंज, प्रयागराज

## स्वर्णकार महिला मंडल परिवार द्वारा सुहागले आयोजन

जबलपुर। स्वर्णकार महिला मंडल परिवार द्वारा श्री राधे कृष्ण मंदिर में सामुहिक 'सुहागले' आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अंजना सराफ द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन सिद्धेश्वरी सराफ द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 70 सुहागन मातृशक्तियों की उपस्थिति रही। आयोजन में पीली साड़ी लाल



चुनरी थीम रखा गया था। चना गुड, मीठा पेडा और सभी को पूजन के बाद सुहाग साम्रगी वितरण कर भोजन करया गया। इस आयोजन में भाग लेने वाली महिलाएं उमा प्रीति ,रश्मि संजय, गायत्री मंजू शरद, प्रतिष्ठा, प्रिया, रुमी गणेश, श्रद्धा राधिका आरती आलोक ,विनिता, अनीता , उर्मिला, शोभा,गीता, मनीषा, प्रियंका ,भारती, प्रेमलता, सुंदरी, मीना जडिया, रीता सराफ अंजना, माधुरी ,वैशाली, नेहा मनीष ,ममता, मनीषा राकेश मनीषा पंकज, मीना ,सीमा विष्णु ,अर्चना नीता , नीलम निशा सोनी, तरुणा, निर्मला, ममता , मोनिका अभिषेक, साधना, आरती ,रागिनी, सरिता ,रानी सोनी, पूजा सोनी रुबी, करुणा, निधि नरवरिया ,ममता,आशा सोनी ,शिल्पा,रेणुका सचिन , अंजना, रश्मि, गायत्री, सिद्धेश्वरी, प्रियंका, मंजू, नीता, गीता, प्रिया, वैशाली, ममता, अंत में रश्मि सोनी द्वारा आभार ज्ञापन दिया गया।

**आवश्यक सूचना**

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नॉन इन्टरलॉकिंग कार्य के कारण पैसेंजर रेलगाड़ियों का संशोधित निरस्तीकरण तिथि एवं अतिरिक्त शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**रेलगाड़ियों का शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 06529 | सर एम. विश्वेश्वरय्या (ट.) बेंगलुरु-गोमती नगर | 30.06.2025 | बनारस-गोमती नगर के मध्य निरस्त रहेगी |
| 06530 | गोमती नगर-सर एम. विश्वेश्वरय्या (ट.) बेंगलुरु | 04.07.2025 | गोमती नगर-बनारस के मध्य निरस्त रहेगी |

**रेलगाड़ियों का जरवल रोड स्टेशन पर ठहराव स्थगित रहेगा**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 19037 | बान्द्रा (ट.)-बरौनी जं. | 28.06.2025 से 02.07.2025 |
| 11124 | बरौनी जं.-ग्वालियर जं. | 29.06.2025 से 03.07.2025 |
| 11079 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर जं. | 03.07.2025 से 03.07.2025 |
| 19038 | बरौनी जं.-बान्द्रा (ट.) | 30.06.2025 से 04.07.2025 |
| 11123 | ग्वालियर जं.-बरौनी जं. | 30.06.2025 से 04.07.2025 |

**रेलगाड़ियों का कर्नलगंज स्टेशन पर ठहराव स्थगित रहेगा**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 19037 | बान्द्रा (ट.)-बरौनी जं. | 28.06.2025 से 02.07.2025 |
| 11079 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर जं. | 03.07.2025 से 03.07.2025 |
| 19038 | बरौनी जं.-बान्द्रा (ट.) | 30.06.2025 से 04.07.2025 |

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1106/25 (ADM)

# सम्पादकीय.......

## बेटियां संवेदनशील

देशकाल–परिस्थितियों और बदलती जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर पर एक सूक्ष्म, लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव दृष्टिगोचर हो रहा है। यह बदलाव लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में आ रहे परिवर्तन का है। जैसा कि हाल ही में 'द इकनॉमिस्ट' द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। दुनियाभर में, अतिरिक्त पुरुष जन्म की संख्या–जो वर्ष 2000 में 1.7 मिलियन तक अधिक थी, साल 2025 तक लगभग दो लाख तक गिर गई है। निस्संदेह, यह प्रजनन विकल्पों में एक अप्रत्याशित बदलावों का संकेत है। यहां तक कि दक्षिण कोरिया और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है३ दरअसल, माता–पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे–धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता के रूप में देखा जा सकता है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वह आर्थिक रूप से स्वावलंबी होती जा रही है। बल्कि कई देशों में तो महिलाओं की बैचलर डिग्री की संख्या तक पुरुषों की तुलना में अधिक है। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां–बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां–बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। वहीं भारत में परिस्थितियां एक जटिल तसवीर प्रस्तुत करती हैं। यूं तो सदियों से भारत का समाज पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। हालांकि, अब आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि देश में शिशु लिंग अनुपात दर में सुधार हुआ है। लेकिन लिंग चयन के लिये किए जाने वाले गर्भपात पर शासन व प्रशासन की कानूनी सख्ती और जागरूकता अभियानों के बावजूद परंपरागत रूप से समाज में गहरी जड़ें जमाने वाला बेटा मोह अब भी प्राथमिकता बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–5( 2019–21) का सर्वे चिंता बढ़ाने वाला है। सर्वे के अनुसार, लगभग 15 फीसदी भारतीय माता–पिता अभी भी बेटियों की तुलना में बेटों की आकांक्षा रखते हैं। यही वजह है कि हरियाणा,पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विषम शिशु लिंगानुपात चिंता का विषय बना हुआ है। इसके अलावा, भारत में बेटी वरीयता, जहां यह मौजूद है, अक्सर सशर्त होती है। लड़कियों को भावनात्मक लगाव या घरेलू स्थिरता के लिये तो महत्व दिया जा सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि पोषण, शिक्षा या विरासत तक उन्हें समान पहुंच दी जाए। भारतीय समाज में दहेज जैसी सांस्कृतिक प्रथाएं आज भी बेटी के माता–पिता की बड़ी चिंता बनी रहती हैं। परंपरावादी समाज में यह धारणा बलवती रही है कि बेटियां दूसरे परिवार की हैं। यही वजह है कि ग्रामीण और शहरी गरीब समुदायों में लड़कियां हाशिये पर रख जाती हैं। लेकिन इसके बावजूद भारत को लिंग समानता के वैश्विक आंदोलन की किसी भी तरह अनदेखी नहीं करनी चाहिए। साथ ही केंद्र व राज्य सरकारों के नीतिगत हस्तक्षेप को जन्म सांख्यिकी से परे जाना चाहिए। नीति–नियंताओं को बालिका शिक्षा को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा देना चाहिए। इसके साथ ही समान संपत्ति अधिकार लागू करने, दहेज प्रथा की कुरीति को समाप्त करने की दिशा में सख्त कदम उठाने चाहिए। तभी भारतीय समाज में लिंगभेद की मानसिकता खत्म होगी और लैंगिक समानता की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही देश में तेजी से बढ़ती बुजुर्गों की आबादी के लिये सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

## उपचुनाव के नतीजों से इंडिया ब्लॉक पार्टियों को बढ़ावा

चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों से संकेत मिलता है कि भाजपा के लिए चिंता की वजहें हैं, ऐसे समय में जब पार्टी को खुद को मजबूत करने की सख्त जरूरत है। जिन चार राज्यों में उपचुनाव हुए हैं, वे हैं– गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल। चूंकि केरल में विधानसभा का कार्यकाल 23 मई, 2026 को, पश्चिम बंगाल में 7 मई, 2026 को, पंजाब में 16 मार्च, 2027 को और गुजरात में 19 दिसंबर, 2027 को समाप्त होना है, इसलिए चुनाव के नतीजों का खास महत्व है। केरल का नीलांबर उपचुनाव माकपा समर्थित निर्दलीय विधायक पी वी अनवर के इस्तीफे के कारण कराना पड़ा। यह सीट माकपा के लिए निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है। 2021 के चुनाव में अनवर ने 46.9 प्रतिशत वोट पाकर यह सीट जीती थी। कांग्रेस उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे और 45.34 प्रतिशत वोट हासिल करने में सफल रहे। भाजपा तीसरे स्थान पर रही और उसे 4.96 प्रतिशत वोट मिले। इस प्रकार यह सीट तीनों राजनीतिक दलों– माकपा, कांग्रेस और भाजपा के लिए रणनीतिक महत्व रखती है। इस बार माकपा ने अपना उम्मीदवार एम स्वराज को मैदान में उतारा था, जो कांग्रेस उम्मीदवार आर्यदान शौकत से 11,077 वोटों से हार गये। माकपा के लिए यह गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि पार्टी एलडीएफ के सत्तारूढ़ गठबंधन का नेतृत्व कर रही है। कांग्रेस उत्साहित है क्योंकि उसने 77737 वोट हासिल करके सीट जीती है जबकि माकपा उम्मीदवार को 66660 वोट मिले हैं। 2021 में एलडीएफ को मिले 81227 वोटों में भारी गिरावट आयी है, और यह संकेत है कि सत्तारूढ़ एलडीएफ केरल के मतदाताओं के बीच सत्ता–विरोधी भावना से ग्रस्त है, जबकि राज्य में अब से 11 महीने के भीतर चुनाव होने की संभावना है।

# ट्रंप और नेतन्याहू ईरान के आगे झुके

**डॉ. दीपक पाचपोर**

*अमेरिका के लिए रणनीतिक तौर पर अहम इस बेस को निशाना बनाकर ईरान ने जाहिर कर दिया कि वह न केवल इजरायल बल्कि अमेरिका पर भी हमला कर सकता है और उसे किसी तरह भी झुकाया नहीं जा सकता। इसके बाद ही डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से युद्ध विराम की बात कही जाने लगी।*

दरअसल भारतीय समयानुसार सोमवार देर रात से लेकर मंगलवार तक ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ पर कम से कम 10 पोस्ट किए, जिसमें उन्होंने ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम का ऐलान किया। एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा, श्इजराइल और ईरान लगभग एक साथ मेरे पास आए और शांति की अपील की। मुझे यह पता था कि अब शांति का समय आ गया है। दुनिया और मध्य पूर्व ही असली विजेता हैं!श उन्होंने लिखा है, दोनों देश भविष्य में जबरदस्त प्रेम, शांति और समृद्धि देखेंगे. उन्हें बहुत कुछ हासिल करना है और अगर वे धर्म और सत्य के मार्ग से भटक गए तो उन्हें बहुत कुछ खोना पड़ेगा। इजरायल और ईरान के बीच पूरी तरह से सहमति बन गई है कि 12 घंटों के लिए पूर्ण और संपूर्ण युद्ध विराम होगा (अब से लगभग 6 घंटे बाद, जब इजरायल और ईरान अपने अंतिम मिशनों को पूरा कर लेंगे!), इसके बाद ईरान–इजरायल के युद्ध को समाप्त माना जाएगा! आधिकारिक तौर पर ईरान युद्ध विराम की शुरुआत करेगा और 12वें घंटे में इजरायल युद्ध विराम की शुरुआत करेगा। 24वें घंटे में 12 दिवसीय युद्ध के आधिकारिक अंत को दुनिया द्वारा सलामी दी जाएगी। मैं दोनों देशों इजरायल और ईरान को बधाई देना चाहता हूं कि उनके पास 12 दिवसीय युद्ध को समाप्त करने के लिए सहनशक्ति, साहस और बुद्धिमत्ता है। यह युद्ध सालों तक चल सकता था और पूरे मध्य पूर्व को नष्ट कर सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और न ही कभी होगा! इसी तरह के कई और पोस्ट ट्रंप ने लिखे हैं, जिसमें जाहिर हो रहा है कि वो एक तरफ दुनिया का सुप्रीम लीडर खुद को मान चुके हैं और दूसरी तरफ उन्हें हर हाल में नोबेल शांति पुरस्कार चाहिए। पता नहीं ट्रंप के मन में ये कैसी कुंठा है कि वे हर वक्त अपना वर्चस्व दिखाने के साथ–साथ दूसरों से अपने लिए तारीफें सुनना चाहते हैं। पाकिस्तान जैसे देश ट्रंप की इस ख्वाहिश को पूरा भी करते हैं। ट्रंप ने जिस अंदाज में इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम का ऐलान किया, उसी तरह भारत और पाकिस्तान के बीच भी किया था। जिसमें पाकिस्तान तो पूरी तरह अमेरिकी पाले में दिखा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक इसका खुलकर विरोध नहीं किया है। पिछले हफ्ते ट्रंप से फोन पर हुई चर्चा में दावा है कि श्री मोदी ने तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया, मगर अमेरिका ने ऐसा कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया और अब भी ट्रंप यही दावा कर रहे हैं। इधर इजरायल ने युद्धविराम मान तो लिया है, लेकिन उसकी अकड़ अब भी दिख रही है, इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से कहा गया है कि सेना ने अपने सभी लक्ष्य साध लिए हैं। साथ ही ईरान को चेतावनी दी है कि अगर वह युद्धविराम का उल्लंघन करेगा तो फिर जवाबी कार्रवाई होगी। वहीं ईरान ने इजरायल पर ट्रंप के ऐलान के बाद कुछ और हमले किए और बता दिया कि अपने लिए फैसला वह खुद लेगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अरागची ने साफ कहा है कि अगर इजरायल ने सैन्य अभियान बंद कर दिया, तो श्हमारा भी किसी तरह की जवाबी कार्रवाई करने का कोई इरादा नहीं है। ईरान का साफ कहना है कि हमले की शुरुआत इजरायल ने की, तो रोकने की पहल भी उसे ही करनी होगी। बहरहाल, डोनाल्ड ट्रंप सोमवार तक ईरान को परिणाम भुगतने और सत्ता बदलने की धमकी दे रहे थे, फिर एक दिन में उनके विचार कैसे बदल गए, इसके प्रत्यक्ष तौर पर तीन कारण दिखाई देते हैं। पहला, ईरान पर हमले के बाद अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में ट्रंप का विरोध शुरु हो गया। दूसरा, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का फैसला लिया, जिसके बाद वैश्विक बाजार में घबराहट दिखी, कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने लगीं। फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ने वाले इस संकरे से जलमार्ग से 20–25 प्रतिशत तेल और गैस विश्व में भेजा जाता है। इसे बंद करने से एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका सब पर असर पड़ता। अमेरिका ने तो इसके बाद सीधे चीन से अपील की थी कि वह होर्मुज का रास्ता बंद करने से ईरान को रोके। और तीसरा बड़ा कारण ईरान का कतर के अल उदैद एयरबेस पर हमला करना था, जो मध्यपूर्व में अमेरिका का अहम सैन्य अड्डा है। कुछ दिनों पहले ही अमेरिका ने यहां से अपने विमान हटा लिए थे। पिछले महीने ही डोनाल्ड ट्रंप ने इस बेस का दौरा भी किया था। अमेरिका के लिए रणनीतिक तौर पर अहम इस बेस को निशाना बनाकर ईरान ने जाहिर कर दिया कि वह न केवल इजरायल बल्कि अमेरिका पर भी हमला कर सकता है और उसे किसी तरह भी झुकाया नहीं जा सकता। इसके बाद ही डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से युद्ध विराम की बात कही जाने लगी। हालांकि कतर ने इस हमले को अपनी स्वतंत्रता, संप्रभुता पर हमला बताया तो ईरान ने साफ कर दिया कि उसका मकसद केवल अमेरिकी ठिकाना है, और कुछ नहीं। जाहिर है ईरान ने एक बार फिर इजरायल और अमेरिका को गलत साबित किया है, जो दूसरों की संप्रभुता की धज्जियां उड़ाते हुए हमले करते हैं। इजरायल–ईरान हमले में ईरान के साथ मध्यपूर्व के दूसरे देशों को भी अपने अस्तित्व की चिंता होने लगी और उन्हें संभवतरू यह समझ आ गया कि ट्रंप किसी के सगे नहीं हैं। आज वे उनसे लाभ ले रहे हैं और कल को उन पर भी हमला बोल सकते हैं। ट्रंप ने जिस तरह ईरान को फिर से महान बनाने के लिए सत्ता परिवर्तन की बात कही थी, उससे भी खाड़ी देश सावधान हो गए।

# भारतीय सभ्यता और सनातन संस्कृति में विश्व बंधुत्व का भाव पर द्वि–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य समापन

'विश्वनाथ, असम। केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार तथा विश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति , विश्वनाथ असम के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय सभ्यता और सनातन संस्कृति में विश्व बंधुत्व का भाव विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 21–22 जून को कृषि यंत्र प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान उत्तर पूर्वी क्षेत्र विश्वनाथ के वातानुकूलित प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। संगोष्ठी के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र के पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय , भारतीय भाषा केंद्र की अध्यक्षा प्रो० बंदना झा, विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय हिंदी संस्थान के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक प्रोफेसर हेमराज मीणा, रांची विश्वविद्यालय, हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ० जंग बहादुर पाण्डेय, शहीद भगत सिंह महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य प्रो० सुनील कुमार तिवारी, केंद्रीय हिंदी संस्थान गुवाहाटी केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ० चंद्रशेखर चौबे, विश्वनाथ महाविद्यालय के हिंदी विभाग,अध्यापिका श्रीमती गीता वर्मा,डॉ० अनुशब्द, अशोक कुमार प्रामाणिक , लोकप्रिय कवयित्री दिव्यांशु अवस्थी ,श्री सूर्य नारायण पाण्डेय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्वनाथ के प्रचारक कार्तिक गड़ और अध्यक्ष के रूप में श्री प्रभुनाथ सिंह आदि उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष प्रभुनाथ की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र में विश्वनाथ जिला प्रचारक कार्तिक गड़ के दीप प्रज्वलन के साथ सभी अतिथियों ने समवेत रूप से दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का श्री गणेश किया। सरस्वती वंदना दिव्यांशु अवस्थी ने किया।जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली की मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो० बंदना झा ने कहा कि भारतीय सभ्यता और सनातन संस्कृति अति प्राचीन है और हमारी सनातन संस्कृति में देश प्रेम और विश्व बंधुत्व की भावना कूट कूट कर भरी हुई है। हमारे लिए अतिथि सर्वोपरि हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ० जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि इस देश का नाम भारत है,इस नाम में ही विश्व बंधुत्व की भावना सन्निहित है।भ का अर्थ भरण पोषण करना है और रत का अर्थ लीन है। अर्थात् जो विश्व का भरण पोषण करे उसका नाम भारत होगा। इसीलिए गुरु वशिष्ठ ने अयोध्या नरेश दशरथ के द्वितीय पुत्र का नाम गुरु वशिष्ठ ने भरत रखारू–'

'विश्व भरण पोषण कर जोई।'

'ताकर नाम भरत अस होई।'

'भ का अर्थ प्रकाश और रत का अर्थ लीन अर्थात् जो प्रकाश में लवलीन हो,भ का तीसरा अर्थ ज्ञान और रत का अर्थ लीन। अर्थात् जो ज्ञान में लीन हो वह भारत है। अस्तु भारत का जीवन दर्शन हैरू–'

'अयं निजरूपरोवेति गणना लघुचेतसाम्।'

'उदार चरितानाम तु वसुधैव कुटुंबकम्।'

'अर्थात् यह अपना है और यह पराये का यह गणना छोटे हृदय वाले करते हैं , उदार हृदय वालों के लिए यह संपूर्ण वसुंधरा ही परिवार है।डॉ० पाण्डेय ने कहा कि जो अपने लिए जीता है,वह दुर्योधन है,जो अपनों के लिए जीता है,वह युधिष्ठिर है और जो सबके लिए जीता मरता है वे विश्वनाथ हैं।भारत सबके लिए जीने मरने वाला देश है–यही भारतीय सनातन संस्कृति का विश्व बंधुत्व भाव है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रभुनाथ सिंह ने कहा कि आप सभी अतिथियों का यहां विश्वनाथ चारिआलि में आना और हमें सेवा का अवसर देना ही सौभाग्य की बात है।आप आये हम धन्य हुए।इस उद्घाटन सत्र को अपने उद्बोधन से जिन वक्ताओं ने गरिमा प्रदान की, उनमें प्रो० सुनील कुमार तिवारी (दिल्ली)डॉ० चंद्र शेखर चौबे ,(क्षेत्रीय निदेशक गुवाहाटी) प्रोफेसर हेमराज मीणा (पूर्व क्षेत्रीय निदेशक पूर्वोत्तर मणिपुर)डॉ० अनुशब्द, हिंदी विभाग केंद्रीय विश्वविद्यालय तेजपुर)कार्तिक गड़(राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,जिला प्रचारक, विश्वनाथ), अशोक कुमार प्रामाणिक (रांची)आदि प्रमुख हैं। आरंभ में बीज वक्तव्य देते हुए केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के निदेशक प्रो० सुनील बाबुराव कुलकर्णी ने कहा कि जब विश्व तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा है,ऐसे समय में भारत का केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा विश्व बंधुत्व पर विमर्श कर रहा है–यह परम हर्ष का संदर्भ है।युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, अपितु विश्व बंधुत्व की भावना से ही विश्व में अमन चौन एवं शांति की वंशी बज सकती है।आगत अतिथियों का भव्य स्वागत सह संयोजक मनीषा पाल ने,संगोष्ठी परिचय श्रीमती गीता वर्मा ने, कुशल संचालन श्री संतोष कुमार महतो ने और धन्यवाद ज्ञापन सुरेन्द्र कुमार सहनी ने किया।'

'प्रथम दिन के प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्रो० बंदना झा ने की और कहा कि भारत को जिन कतिपय चीजों पर नाज और ताज है , उनमें अपनी सभ्यता, संस्कृति और विश्व बंधुत्व की भावना है।जबकि सारस्वत वक्ता के रूप में राजीव गांधी विश्वविद्यालय, ईटानगर के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ० ओकेन लेगों ने कहा कि अपनी सभ्यता सनातन संस्कृति और विश्व बंधुत्व की भावना के कारण भारत प्राचीन काल में विश्व गुरु की संज्ञा से अभिहित था।वीर रस के प्रख्यात ओजस्वी कवि ओंकार शर्मा काश्यप ने अपनी कविताओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विश्व बंधुत्व की भावना पर प्रकाश डाला। विश्वनाथ चारिआलि के वरिष्ठ साहित्यकार हरि प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि भारत ऋषि एवं संस्कृति प्रधान देश है।अपनी सभ्यता और संस्कृति पर हमें गौरव है।इस सत्र में विशेष रूप से राजीव गांधी विश्वविद्यालय के शोधार्थी लिनु रोन्या,तोकमेम ओसिक , नीलम सेनिया आदि ने अपना शोध प्रस्तुत किया था। प्रथम सत्र 12 बजे से अपराह्न 2 बजे तक चला। 2 से 3 बजे तक भोजनावकाश रहा।आगत अतिथियों का फुलाम गामोछा तथा गुलदस्ता से भव्य स्वागत राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक संतोष कुमार महतो ने, सरस्वती वंदना अशोक कुमार प्रामाणिक ने,कुशल संचालन विनोद कुमार गुप्ता ने और धन्यवाद ज्ञापन मनीषा पाल मनस्वी ने किया।प्रथम दिवस का दूसरा तकनीकी सत्र 3 बजे से प्रारंभ हुआ और 5 बजे तक चला।इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व क्षेत्रीय निदेशक प्रो० (डॉ०) हेमराज मीणा ने की।वे एक प्रकार से इस संगोष्ठी के सूत्रधार थे। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति विश्व में अनोखी और अद्वितीय है। आचार्य देवो भव, अतिथि देवो भव, मातृ देवो,पितृ देवो भव भारतीय सनातन संस्कृति की महान उपलब्धियां हैं, हमें इसे संजोकर रखना है।इस सत्र के सारस्वत वक्ता नेहू के सहायक हिंदी आचार्य डॉ० आलोक सिंह ने कहा कि हम अपनी सभ्यता और सनातन संस्कृति के बल पर अभी तक बचे हुए हैं।विश्व ने हमें मिटाने का प्रयास किया।



लेकिन हम बचे रहें क्योंकि हम सच्चे रहे। उन्होंने उर्दू के प्रसिद्ध शायर मोहम्मद अल्मा इकबाल को उद्धृत करते हुए कहा कि यूनान मिस्र रोमा सब मिट गये जहां से,कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी।सदियों रहा है दुश्मन दौरे जहां हमारा।असम विश्वनाथ के वरिष्ठ प्रचारक शंकर प्रसाद साहू ने कहा कि भारत अपनी सभ्यता और संस्कृति के बल पर विश्व पटल पर पताका फहरा रहा है।आगत अतिथियों का भव्य स्वागत तथा कुशल संचालन संगोष्ठी के संयोजक संतोष कुमार महतो तथा गीत प्रस्तुति उषा देवी ने और धन्यवाद ज्ञापन मदन गोपाल साहू ने किया। राष्ट्रगान एवं शांति पाठ से प्रथम दिवस का कार्यक्रम समापन होता है। द्वितीय दिवस रविवार को सुबह 10रू00 बजे रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ० जंग बहादुर पांडे ने तृतीय तकनीकी सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया।इस सत्र का संगोष्ठी संयोजक संतोष कुमार महतो के कुशल संचालन में तथा डॉ० जंग बहादुर पाण्डेय के अध्यक्षता में सरस्वत्ता वक्ता के रूप में वरिष्ठ संस्कृत विद्वान तथा साहित्यकार लोकनाथ उपाध्याय ,विश्वनाथ महाविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यापिका गीता वर्मा आदि ने अपना सारगर्भित व्याख्यान दी।इस सत्र में विशेष रूप से रांची विश्वविद्यालय के शोधार्थी अशोक कुमार प्रामाणिक , जोरहाट टियक हाईस्कूल से पधारी शिक्षिका मनोमाला ने अपना शोध प्रस्तुत किया था। प्रचारक तथा शिक्षिका सैयदा आनोवारा खातुन ने धन्यवाद ज्ञापन की।द्वितीय दिवस का चतुर्थ तकनीकी सत्र 12 से बजे से प्रारंभ हुआ और 2 बजे तक चला। सह– संयोजक तथा वि. चा .राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति के सह सांस्कृतिक सचिव मनीष पाल के कुशल संचालन में केंद्रीय हिंदी संस्थान के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक प्रोफेसर हेमराज मीणा की अध्यक्षता में आयोजित इस सत्र में सारस्वत वक्ता शहीद भगत सिंह महाविद्यालय,दिल्ली विश्वविद्यालय , हिंदी विभाग के आचार्य ने षहिंदी कविता में अभिव्यक्त विश्व बंधुत्व की अवधारणाष , विश्वनाथ महाविद्यालय के दार्शनिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष तारानाथ महंत ने असमिया भाषा में और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्वनाथ जिला के मुख्य मार्ग प्र मुख डा० सरजीत दास ने षभारतीय समाज और सनातन संस्कृति का वैश्विक वैभव रूभूत ,वर्तमान और भविष्य पर अपना व्याख्यान हिंदी में प्रस्तुत किए। इस सत्र में बुद्धिजीवी के रूप में समिति के सलाहकार महेंद्र प्रकाश गुप्ता और ऊषा देवी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।कोषाध्यक्ष बजरंग रौनियार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। भोजन के बाद समिति के सह सचिव सुरेंद्र कुमार सहनी के संचालन में आयोजित समापन सत्र की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह ने की। समापन सत्र का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा केंद्र के अध्यक्ष प्रो० बंदना झा ने दीप प्रज्वलित और आगत अतिथियों के मांगलिक मंत्रोच्चार से किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वनाथ चरियाली नगर पालिका के अध्यक्ष अमर ज्योति ठाकुर , केंद्रीय हिंदी संस्थान गुवाहाटी केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक चंद्रशेखर चौबे , प्रोफेसर सुनील कुमार तिवारी , डॉ० अनुशब्द , पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ० आलोक सिंह , एस. पी. एम. महिला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य चारु गोयल को मंचासीन करवाया गया। इसके बाद सभी अतिथियों को फुलाम गामोछा से सम्मानित किया गया। इसके बाद सचिव तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक संतोष कुमार महतो ने द्वि दिवसीय संगोष्ठी का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों ने वर्तमान दौर के महत्वपूर्ण विषय षभारतीय सभ्यता और सनातन संस्कृति में विश्व बंधुत्व का भावष पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की सराहना की।अध्यक्षीय भाषण में प्रभुनाथ सिंह ने सारस्वत अतिथियों को विश्वनाथ में उपस्थित होने लिए धन्यवाद दी।तत्पश्चात् उपस्थित सभी सारस्वत वक्ता, शोधार्थियों ,बुद्धिजीवियों और प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरण किया गया। समिति के सलाहकार प्रेम विश्वकर्मा के बारीकी से सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन के बाद राष्ट्रगान एवं शांति पाठ से राष्ट्रीय संगोष्ठी का पूर्णाहुति हुई।इस दो दिवसीय सारस्वत संगोष्ठी में प्रो० सुनील बाबुराव कुलकर्णी , निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान एवं सचिव, केंद्रीय हिंदी शिक्षण मण्डल के संरक्षक में समिति के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह, संगोष्ठी मार्गदर्शक डॉ० अनुशब्द ,वरिष्ठ आचार्य, हिंदी विभाग तेजपुर विश्वविद्यालय , विश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति के कोषाध्यक्ष बरजंग रौनीयार, उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता वि. चा.रा.भा. प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति, विश्वनाथ कार्यकारी अध्यक्ष सूर्यनारायण पांडेय वि.चा.स.भा. प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति,विश्वनाथ, संगोष्ठी सह–समन्वयक / सह–सांस्कृतिक सचिव मनीषा पाल वि. चा.रा.भा. प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति, विश्वनाथ ,संगोष्ठी संयोजक व सचिव संतोष कुमार महतो वि.चा.रा. भा. प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति, विश्वनाथ, मुख्य सलाहकार श्रीमान् हरि प्रसाद लुइटेल ,साधारण सलाहकार रू श्रीमान् चित्र प्रसाद पौड़ेल, श्रीमान् प्रेम बिश्वकर्मा, , श्रीमान् सत्यप्रकाश गुप्ता, श्रीमान् सुधन साहनी, सैयदा आनोवारा खातून , समिति के पदाधिकारी सह–सचिव सुरेन्द्र कुमार सहनी तथा राहुल मिश्रा,साहित्य सचिव मदन गोपाल साहू,सांस्कृतिक सचिव अरुण सहनी,सदस्य–सदस्यागण लोकनाथ शास्त्री ,बन्दना दास कल्पना पाल,ज्योति कुमारी दास आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।'






# द ट्रेटर्स की वापसी तय! जबरदस्त शुरुआत के बाद प्राइम वीडियो ने किया दूसरे सीजन का ऐलान

> द ट्रेटर्स आज दुनिया के सबसे तेजी से पसंद किए जा रहे रियलिटी शो फॉर्मेट्स में शामिल है, जिसके अब तक ३० से ज्यादा देशों में ३५ से भी ज्यादा लोकल वर्जन बन चुके हैं। १२ जून को रिलीज होने के बाद से द ट्रेटर्स दृ सीजन वन ने अपने हाई-स्टेक गेमप्ले, हर पल बदलते ट्विस्ट और सांस रोक देने वाले क्लिफहैंगर्स से पूरे देश के दर्शकों का दिल जीत लिया है।

प्राइम वीडियो, जो आज भारत में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म बन चुका है, उसने आज बताया कि उसका थ्रिल और सस्पेंस से भरपूर अनस्क्रिप्टेड शो द ट्रेटर्स अब अपने दूसरे सीजन की तैयारी में है। ये शो आईडीटीवी के उस ग्लोबल फॉर्मेट पर आधारित है, जिसे बीएएफटीए और एमी जैसे बड़े अवॉर्ड मिल चुके हैं। इसे आल3मीडिया इंटरनेशनल के साथ मिलकर बनाया जा रहा है। द ट्रेटर्स आज दुनिया के सबसे तेजी से पसंद किए जा रहे रियलिटी शो फॉर्मेट्स में शामिल है, जिसके अब तक 30 से ज्यादा देशों में 35 से भी ज्यादा लोकल वर्जन बन चुके हैं। 12 जून को रिलीज होने के बाद से द ट्रेटर्स दृ सीजन वन ने अपने हाई–स्टेक गेमप्ले, हर पल बदलते ट्विस्ट और सांस रोक देने वाले क्लिफहैंगर्स से पूरे देश के दर्शकों का दिल जीत लिया है। हर गुरुवार को नए एपिसोड आने के साथ ही ये शो सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा का हिस्सा बन गया है, जहां फैन्स लगातार रिएक्शन और थ्योरीज शेयर कर रहे हैं। पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुका ये शो प्राइम वीडियो के अनस्क्रिप्टेड कंटेंट लाइनअप को और मजबूत बना रहा है। द ट्रेटर्स को अब तक भारत के 88: पिन कोड्स में देखा जा चुका है। प्राइम वीडियो इंडिया के डायरेक्टर और ओरिजिनल कंटेंट के हेड निखिल माधोक का कहना है, "द ट्रेटर्स को देशभर के दर्शकों से इतना जबरदस्त प्यार मिलते देखना हमारे लिए बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने आगे कहा है, "इस शो में टेंशन, गेम की रणनीति और इमोशन्स का जो खास मेल है, उसे हमारे होस्ट करण जौहर ने और भी खास बना दिया है। साथ ही, जिन खिलाड़ियों ने इसमें हिस्सा लिया, उन्होंने पूरे दिल से अपना बेस्ट दिया और यही वजह है कि ये शो लोगों के बीच इतनी तेजी से छा गया। प्राइम वीडियो पर हम नए और हटकर रियलिटी कंटेंट ला रहे हैं, और द ट्रेटर्स अब उस सफर का एक अहम हिस्सा बन गया है। लोगों की इतनी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद हम सीजन 2 की तैयारी शुरू करने को लेकर बहुत एक्साइटेड हैं और इस बार अनुभव को और भी ज्यादा मजेदार बनाने वाले हैं।"आल3मीडिया इंटरनेशनल की ईवीपी,एपीएसी सबरीना डुगेट ने कहा, "द ट्रेटर्स के भारतीय वर्जन को जिस तरह से दर्शकों ने हाथों–हाथ लिया है, उससे हम बेहद खुश हैं। प्राइम वीडियो के साथ हमारी शानदार पार्टनरशिप ने इस फॉर्मेट को एक ऐसा नया अंदाज दिया जो न सिर्फ ताजा लगा, बल्कि अपनी असली आत्मा के साथ भी जुड़ा रहा। दर्शक थ्रिल, ड्रामा और अपने पसंदीदा सेलेब्रिटीज को देखने आए थे, लेकिन उन्हें यहां जो नया अनुभव, सस्पेंस और एंटरटेनमेंट मिला, उसी ने उन्हें शो से जोड़े रखा। शो के लॉन्च के कुछ ही हफ्तों में जिस तरह से इसकी पॉपुलैरिटी बढ़ी है, उसे देखते हुए हमें खुशी है कि प्राइम वीडियो अब इसके दूसरे सीजन की तैयारी शुरू कर रहा है, जो इस फॉर्मेट को और भी ऊंचाई तक ले जाएगा।"





# घने कोहरे के बीच हाथ में भाला थामे खड़ी दिखी रश्मिका मंदाना, एक्ट्रेस ने किया नई फिल्म का ऐलान

रश्मिका मंदाना, जिन्हें अक्सर 'नेशनल क्रश' के नाम से जाना जाता है, न केवल अपनी स्क्रीन प्रेजेंस से बल्कि अपनी स्मार्ट स्क्रिप्ट चॉइस से भी दर्शकों को प्रभावित करती रहती हैं, जो लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करती हैं। उनकी हालिया फिल्म कुबेर इस बात का सबूत है दृ इस सामाजिक–राजनीतिक ड्रामा ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है और सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है। रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई फिल्म का पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में उन्हें जंगल में खड़ी एक योद्धा राजकुमारी के रूप में दिखाया गया है। एक तरफ एक पेड़ जल रहा है, और पुरुषों का एक समूह उसका पीछा कर रहा है। पोस्टर डार्क, इंटेंस और रहस्य से भरा हुआ लग रहा है। इस पर लिखे शब्द षशिकार, घायल, अटूटष और षरश्मिका अनलेशेडष हैं, जो संकेत देते हैं कि उनका किरदार मजबूत, बहादुर और चोट लगने के बाद वापस लड़ने वाला है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि फिल्म का शीर्षक 27 जून, 2025 को सुबह 10रू08 बजे घोषित किया जाएगा। रश्मिका ने अपने प्रशंसकों के लिए एक मजेदार चुनौती भी जोड़ी– उन्होंने उनसे शीर्षक का अनुमान लगाने के लिए कहा और सही उत्तर देने वाले व्यक्ति से मिलने का वादा किया। इससे उनके प्रशंसक फिल्म के बारे में और भी अधिक उत्साहित और उत्सुक हो गए। यह फिल्म उनकी हालिया हिट फिल्म छावा के बाद आई है, जिसने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था। वह थामा नामक एक और फिल्म पर भी काम करने में व्यस्त हैं, जिसमें वह आयुष्मान खुराना के साथ अभिनय कर रही हैं। इस नई योद्धा फिल्म के साथ, प्रशंसक रश्मिका को फिर से एक बोल्ड और शक्तिशाली भूमिका में देखने के लिए उत्सुक हैं। हाल ही में उन्हें धनुष की श्कुबेरश में देखा गया था, जो अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। हालांकि, उनकी पिछली बॉलीवुड फिल्म शसिकंदरश बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। ऐसा लगता है कि यह फिल्म अनफॉर्मूला फिल्म्स नामक प्रोडक्शन हाउस द्वारा समर्थित है। इस बीच, मंदाना के पास आगे फिल्मों की एक रोमांचक लाइनअप है। वह मैडॉक फिल्म्स की हॉरर–कॉमेडी श्थामाश में आयुष्मान खुराना के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। श्पुष्पाश के निर्माताओं ने पहले ही फ्रैंचाइज़ी की तीसरी फिल्म की घोषणा कर दी है, और अभिनेता श्द गर्लफ्रेंडश और श्रेनबोश के लिए भी तैयारी कर रहे हैं।

# ईशा गुप्ता के प्यार में क्लीन बॉल्ड थे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या !एक्ट्रेस बोली– हम डेटिंग स्टेज पर...





बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने हाल ही में डेटिंग लाइफ को लेकर बड़ा खुलासा किया। ईशा गुप्ता को लेकर कई बार अटकलें लगाई गई थीं वो क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ रिश्ते में हैं। साल 2018 में ऐसी अफवाहें उड़ी थीं कि ईशा गुप्ता क्रिकेटर हार्दिक पांड्या को डेट कर रही हैं हालांकि दोनों ने आखिरकार अपने रास्ते अलग कर लिए थे। फिर भी इनके बीच रोमांस के बारे में अटकलें लगाई जाती रहीं। वहीं अब इन अफवाहों पर ईशा गुप्ता ने खुलकर बात करने से परहेज नहीं किया। उसने स्वीकार किया, 'हां, कुछ समय से हम बात कर रहे थे. मुझे नहीं लगता कि हम डेटिंग कर रहे थे, लेकिन हां, हम कुछ महीनों से बात कर रहे थे. तब हम 'शायद ये होगा और नहीं होगा' जैसी थिंकिंग के फेज में थे और ये डेटिंग फेज तक पहुंचने से पहले ही खत्म हो गया तो यह डेटिंग–डेटिंग नहीं थी।हम एक या दो बार मिले बस तो हां, जैसा कि मैंने कहा यह कुछ महीने था और फिर यह खत्म हो गया। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे एक कपल बन सकते थे तो ईशा गुप्ता ने जवाब दिया–शायद ऐसा हो सकता था लेकिन मुझे नहीं लगता कि ऐसा होना तय था। उससे पहले भी वे बेचारे लाइव टीवी पर कुछ बातें कहने के बाद से ही बदकिस्मती का सामना कर रहे थे और तब तक, हमने बात करना बंद कर दिया था। बता दें कि 2020 में नताशा स्टेनकोविक के साथ शादी के बंधन में बंधे हार्दिक पांड्या ने निजी कारणों की वजह से 4 साल बाद उनसे अपना रिश्ता खत्म कर दिया। नताशा के जिंदगी से निकलते ही हार्दिक पांड्या की जिंदगी में ब्रिटिश मॉडल और टीवी पर्सनैलिटी निकी वालिया की एंट्री हुई हालांकि, उनके साथ हार्दिक पांड्या ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है। वहीं ईशा गुप्ता की डेटिंग लाइफ की बात करें तो वह पिछले पांच सालों से स्पेनिश लड़के मैनुअल कैम्पोस गुआलर को डेट कर रही हैं। ईशा गुप्ता ने कुछ सालों पहले इंस्टाग्राम पर उनके साथ अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था।



# आखिरी फिल्म जन नायकन के लिए थलपति विजय को मिले 275 करोड़! बने देश के हाइएस्ट पेड एक्टर !

साउथ फिल्मों के स्टार थलपति विजय फिल्मों से संन्यास लेने का भी ऐलान कर राजनीति में एंट्री कर चुके हैं। फैंस को उनकी नई फिल्म जन नायकन का इंतजार है जोकि एक्टर की आखिरी फिल्म होगी। पर क्या आप जानते हैं कि एक्टर इस फिल्म के लिए कितनी तगड़ी फीस ले रहे हैं? एक रिपोर्ट के मुताबिक थलपति विजय ने जन नायकन के लिए 275 करोड़ की फीस ली है। इसके अलावा उन्हें फिल्म के मुनाफे में कोई हिस्सा नहीं दिया गया है। इस हिसाब से देखा जाए तो यह किसी साउथ स्टार को मिलने वाली अब तक की तगड़ी फीस है। ऐसे में उन्होंने थलाइवा रजनीकांत को भी पीछे छोड़ दिया है जो एक फिल्म के लिए 125–270 करोड़ तक चार्ज करते हैं हालांकि, फिल्म कुली के लिए 280 करोड़ फीस लेने की खबरें आई थीं जिसके बाद रजनीकांत को एशिया का सबसे महंगा एक्टर कहा जाने लगा था। थलपति विजय ने फीस के मामले में शाहरुख खान को भी पछाड़ दिया है जो एक फिल्म के लिए 150–200 करोड़ चार्ज करते हैं। फिल्म जन नायकन की बात करें, तो इसे एच विनोद ने डायरेक्ट किया है। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा है जिसमें पूजा हेगड़े, बॉबी देओल, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज और प्रियामणि भी नजर आएंगी।







# गजब का ट्रांसफॉर्मेशन: मिनी स्कर्ट में रंगीला गर्ल ने गिराई हुस्न की बिजलियां

कहते हैं कि एक समय के बाद खूबसूरत से खूबसरत औरत का नूर ढलने लगता है। 50 का पड़ाव पार करने के बाद तो महिला में बहुत से बदलाव आते हैं लेकिन, बी–टाउन की हसीनाएं इस बात को गलत साबित कर 50 के पड़ाव पर पहुंच जलवा बिखेर रही हैं। उनकी अदाएं देखकर तो आप भी उन्हें 25– 26 साल की लड़की समझ बैठेंगे। इस लिस्ट में शिल्पा शेट्टी,करीना कपूर से लेकर कई एक्ट्रेसेस के नाम शामिल है लेकिन अब 51 की उर्मिला मातोंडकर भी इसमें शामिल हो गई है। उर्मिला मातोंडकरछोटी– सी स्कर्ट पहनकर ग्लैमर का तड़का लगा रही हैं। स्कर्ट–टॉप पहन गुलाबो बनी हसीना का ये लुक फैंस को भी दीवाना बना रहा है। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई लेटेस्ट फोटोज में हसीना पिंक कलर की छोटी– सी स्कर्ट पहन जलवा बिखेर रही हैं। जहां उनका परफेक्ट फिगर और फेस पर दिखता ग्लो किसी भी यंग हसीना को फेल कर जाए। उर्मिला की बेबी पिंक स्कर्ट के साथ उनका वेस्ट स्टाइल हाफ स्लीव्स टॉप काफी स्टनिंग लगा। हसीना के टॉप को बटन लगाकर हाइलाइट किया है, तो मिनी स्कर्ट पूरी तरह से प्लेन है। उर्मिला ने अपने लुक में जूलरी को मिनिमल रखते हुए क्लासी टच दिया। जिससे उनका लुक काफी रीच और रीगल लगा। हसीना ने लग्जरी ब्रांड बेंदमस के ईयररिंग्स पहने। इसके साथ में वॉच भी वियर की।

उर्मिला ने पिंक वाइब्स को मैच करते हुए पूरा मेकअप पिंकिश टोन में रखा। पिंक ग्लॉसी लिप्स के साथ ब्लश्ड चीक्स, पिंक आईशैडो वाली आइज और ब्लो ड्राई हेयर्स एक्ट्रेस के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं।



## एक अनार से मिलेगा हर बीमारी से छुटकारा, जानें जबरदस्त फायदे

अनार सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके सेवन से अपच, कब्ज की समस्या में राहत मिलती है। बता दें यह खून बढ़ाने में भी काफी मदद करता है। इसे रोग नाशक फल भी कहा जाता है यह पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण शरीर को मजबूत बनाता है। वहीं अनार में एंटीऑक्सीडेंट्स न्यूट्रिएंट्स और फ्लेवेनॉइड्स जैसे गुण पाए जाते हैं। जो शरीर की कई बीमारियां दूर करने में मदद करता है। इसी के साथ चलिए जानते हैं इसके फायदों के बारे में–

पाचन संबंधी समस्या में कारगर

अनार में फाइबर और पोषक तत्वों को मात्रा ज्यादा होने के कारण यह पाचन शक्ति को बढ़ाने में मदद करता है। यदि आपको कब्ज या जलन की समस्या है तो अनार खाना आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

दिल के लिए फायदेमंद

दिल को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो अनार का सेवन कर सकते हैं। आप इसका जूस पी सकते हैं जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। यह ब्लड सर्कुलेशन को इम्प्रूव करता है।

हाई ब्लड प्रेशर

जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की परेशानी है वह अनार का सेवन जरूर करें। बता दें कि यह आपके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद

डायबीटीज से पीड़ित लोगों के लिए अनार उपयोगी साबित हो सकता है। क्योंकि इसमें एंटीडायबिटिक गुण होते हैं जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

मेमोरी बढ़ाने में सहायक

एक रिपोर्ट के मुताबिक अनार के जूस का सेवन करने से याददाश्त तेज हो सकती है।

स्ट्रेस नहीं होता

किसी भी चीज का जरूरत से ज्यादा स्ट्रेस लेंगे तो आप बीमार हो जाएंगे। तो कोशिश करें कि अपने आहार में एक अनार जरूर शामिल करें। क्योंकि अनार खाने से आप फिट भी रहेंगे और यह आपके तनाव को बढ़ने नहीं देगा।



## सब्जा सीड्स के सेवन से सेहत को मिलेंगे गजब के फायदे, जानिए डाइट में कैसे करें शामिल

सब्जा के बीज को मीठी तुलसी, तकमारिया सीड्स और बेसिल सीड्स के तौर पर भी जाना जाता है। यह दिखने में चिया सीड्स की तरह होता है। बता दें कि सब्जा के छोटे–छोटे बीज को न्यूट्रिशन का पावर हाउस कहा जाता है। इसका रोजाना थोड़ी मात्रा में सेवन करने से शरीर को कई तरह से फायदे मिलते हैं। हालांकि यह बीज थोड़े सख्त होते हैं और इनको खाना पॉसिबल नहीं है। सब्जा के बीज खाने से पहले इनको थोड़ी देर के लिए पानी में भिगोकर रखना होता है। इसके बीजों की आप जूस, स्मूदी, शेक के अलावा डेजर्ट में भी उपयोग कर सकते हैं। सब्जा के बीज में फाइबर, विटामिन ए, के, हेल्दी फैट, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, ओमेगा–3 फैटी एसिड्स, कार्ब्स के अलावा कई तरह के मिनरल्स पाए जाते हैं। साथ ही इनमें कैलोरी न के बराबर होती है। सब्जा के बीज की तासीर ठंडी होती है, इसलिए इसका गर्मियों में सेवन करना काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सब्जा के बीजों को सेवन करने से आपको क्या फायदे मिलते हैं।

सब्जा बीज

इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है और इसका सेवन करने से पेट भरा रहता है। इसको खाने से बार–बार भूख नहीं लगती है और वजन घटाने में भी मदद मिलती है। सब्जा के बीजों में अल्फा लिनोलेनिक एसिड भी मौजूद होता है, जो मेटाबॉलिज्म को तेज करने के साथ ही वेट को भी कंट्रोल करता है।

पाचन होगा दुरुस्त

सब्जा के बीज में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में लाभकारी है। इसका सेवन गैस, एसिडिटी, कब्ज और हार्टबर्न जैसी कई समस्याओं में राहत देने का काम करता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और गर्मियों में इसको खाने से पेट भी ठंडा होता है।

ब्लड शुगर होगा कंट्रोल

सब्जा सीड्स टाइप–2 डायबिटीज के मरीजों के लिए भी रामबाण है। इसका सेवन करने से अचानक से बढ़ने वाले ब्लड शुगर लेवल की समस्या को दूर किया जा सकता है।

# तेजी से घटाना है वजन तो डाइट में शामिल करें ये हाई प्रोटीन फल







फलों का सेवन करना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। अमूमन यह देखने में आता है कि लोग फलों का सेवन मिड मील के दौरान हल्की भूख को मिटाने के लिए करते हैं। हालांकि, अगर आप अपने फिटनेस गोल्स को ध्यान में रखते हुए फलों का सेवन करते हैं तो इससे आपको स्वाद के साथ–साथ अन्य लाभ भी मिलते हैं। मसलन, अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको उन फलों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए, जिनमें प्रोटीन कंटेंट अधिक हो। जब आप प्रोटीन रिच फलों का सेवन करते हैं तो इससे आप लंबे समय तक फुलर फील करते हैं और अनहेल्दी फूड आइटम्स को खाने से बच जाते हैं। साथ ही, आप अपने कैलोरी काउंट को बनाए रख पाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हाई प्रोटीन फलों के बारे में बता रहे हैं, जो वेट लॉस में आपकी मदद कर सकते हैं–

अमरूद

अगर आप वेट लॉस डाइट पर हैं तो आपको अमरूद को अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। इसमें प्रोटीन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। एक कप अमरूद लगभग 4.2 ग्राम प्रोटीन प्रदान करता है। प्रोटीन की मात्रा के अलावा, अमरूद में फाइबर और विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में होता है और इसमें एंटी–ऑक्सीडेंट भी होते हैं। यह आपके इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाने के साथ–साथ स्किन हेल्थ को इंप्रूव करने और स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। आप इसे कई अलग–अलग तरीकों से अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

ब्लैकबेरी

वेट लॉस डाइट में ब्लैकबेरी को शामिल करना अच्छा विचार है। ब्लैकबेरी प्रति कप लगभग 2 ग्राम प्रोटीन प्रदान करती है। वे विटामिन सी और के और फाइबर से भी भरपूर होते हैं। इतना ही नहीं, उनमें एंटी–ऑक्सीडेंट भी होते हैं। ब्लैकबेरी को आप ऐसे ही खा सकते हैं या फिर इसे स्मूदी में भी शामिल किया जा सकता है। अगर आप चाहें तो ब्लैकबेरी को अपने नाश्ते का हिस्सा भी बना सकते हैं।

संतरे

संतरा एक ऐसा फल है, जिसमें विटामिन सी बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है, लेकिन इसमें कुछ हद तक प्रोटीन भी होता है। संतरे में प्रति कप लगभग 1.69 ग्राम प्रोटीन होता है। संतरे आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं। साथ ही साथ, वे डायटरी फाइबर भी प्रदान करते हैं, जो पाचन में सहायता करता है और कब्ज से बचने में मदद करता है।

# कोलेस्ट्रॉल पेशेंट्स को देसी घी खाना चाहिए या नहीं? इस सवाल का जवाब मिलेगा यहां



अच्छी सेहत के लिए घी का सेवन करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। बुजुर्ग लोग भी इसलिए घी खाने की सलाह देते रहते हैं। डॉक्टर भी घर के बड़े बुजुर्गों द्वारा बच्चों को डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे घी, पनीर, दूध दही खिलाने पर जोर देते हैं। लेकिन युवा लोग इसे अवॉइड करते हैं, अधिकतर लोगों का मानना है कि घी का सेवन शरीर में कोलेस्ट्रोल लेवल में वृद्धि करता है। वजन कम करने के लिए घी से दूरी बनाना लाजमी है, लेकिन आयुर्वेद में घी का इस्तेमाल वजन कम करने के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में कैलोरी, सैचुरेटिड फैट, कैल्शियम, विटामिन और प्रोटीन से भरपूर देशी घी ना केवल वजन कम करने में सहायक है बल्कि यह मसल्स को भी स्ट्रॉन्ग बनाता है। हाल ही में अमेरिकन शोधकर्ताओं ने घी को लेकर अध्ययन किया है जिसमें कई अहम जानकारी सामने आई हैं, आईए जानते हैं कैसे–

कैसे बनता है घी–

गाय, भैंस और बकरी के दूध के मक्खन को मथ कर उसे गर्म कर घी बनाया जाता है। गाय के दूध के घी को अधिक ताकतवर और शुद्ध माना जाता है। फॉस्फोलिपिड्स की उपस्थिति के कारण घर पर बना शुद्ध देशी घी लंबे समय तक तरोताजा रहता है।

घी कैसे शरीर के लिए है फायदेमंद

– आयुर्वेद के अनुसार घी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह जीवन जीने की क्षमता यानि दीर्घायु में मदद करता है और शरीर को कई गंभीर बीमारियों से निजात दिलाता है व इनके संक्रमण से दूर रखने में कारगार होता है।

– यह शरीर की इम्यूनविटी को मजबूत बनाता है और पाचन शक्ति में सुधार करता है। इसके अलावा शरीर को ओजस और ताकतवर बनाता है।

– घी याद्दाश्त में सुधार करता है और दिमाग को मजबूत बनाता है।

– घी वात और पित्त को ठीक रखता है। इससे कफ की सम्या नहीं होती।

– घी का इस्तेमाल हर्बल दवा बनाने के लिए किया जाता है।

विशेषज्ञों ने चूहों पर किया एक्सपेरिमेंट

हार्ट के स्वास्थ्य पर घी के अच्छे व बुरे प्रभाव को जानने के लिए विशेषज्ञों ने इसका एक्सपेरिमेंट चूहों पर किया। इसके लिए विशेषज्ञों ने दो चूहों को भरपूर मात्रा में घी से युक्त खाद्य पदार्थ दिया गया। आपको बता दें एक सेट स्वस्थ जानवरों का था और दूसरा सेट हाइब्रेड चूहों का था, जो आनुवांशिक रूप से कुछ गंभीर बीमारियों का शिकार थे।

शोधकर्ताओं के मुताबिक स्वस्थ जानवरों में घी से युक्त खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने से ह्रदय रोग या कोलेस्ट्रोल के लेवल में वृद्धि नहीं देखी गई। वहीं दूसरे सेट में जो जानवर बीमारियों से ग्रस्त थे, उनमें घी से युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से खराब कोलेस्ट्रोल ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर में वृद्धि देखी गई।

खाना बनाने वाले तेल के स्थान पर घी का सेवन ना करें–

इससे पता चलता है कि स्वस्थ व्यक्तियों में घी से युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। लेकिन ध्यान रहे खाना बनाने वाले तेल के स्थान पर घी का सेवन ना करें।

मनुष्यों पर किए गए शोध

– इसी तरह शोध के मुताबिक उन पुरुषों में कोरोनरी और ह्रदय से संबंधित बीमारी काफी कम देखी गई जो अधिक मात्रा में घी का सेवन करते हैं।

–अधिक मात्रा में घी का सेवन सीरम कोलेस्ट्रोल, ट्राइग्लिराइड्स, फॉस्फोलिपिड्स और कोलेस्ट्रोल एस्टर की मात्रा को कम करती है।

–घी के सेवन से सोरायसिस से ग्रस्त मरीजों के लक्षणों में भी सुधार लाता है।

## घर पर बनाएं ये सीरम, तेजी से होगी आईब्रो हेयर ग्रोथ

चेहरे की खूबसूरती में आईब्रो का अपना एक अहम् रोल होता है। लेकिन ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिनकी आईब्रो हेयर ग्रोथ काफी कम होती है। ऐसे में वे अपनी आईब्रो को घना और शेप में दिखाने के लिए अक्सर आईब्रो पेंसिल का सहारा लेते हैं। हालांकि, अगर आप चाहें तो खुद घर पर सीरम बनाकर भी आईब्रो हेयर की ग्रोथ को तेजी से बढ़ते हुए देख सकते हैं। चूंकि इन आईब्रो हेयर ग्रोथ सीरम को नेचुरल आइटम्स की मदद से बनाया जाता है, इसलिए ये बजट फ्रेंडली होने के साथ–साथ स्किन फ्रेंडली भी हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ होममेड आईब्रो सीरम के बारे में बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप भी आईब्रो हेयर की ग्रोथ को बढ़ा सकते हैं–

जोजोबा ऑयल और टी ट्री ऑयल सीरम

आप जोजोबा ऑयल और टी ट्री ऑयल की मदद से आईब्रो सीरम बना सकते हैं।

आवश्यक सामग्री–

– 1 बड़ा चम्मच जोजोबा ऑयल

– 1–2 बूंद टी ट्री ऑयल

इस्तेमाल का तरीका–

– एक छोटे कंटेनर में जोजोबा ऑयल और टी ट्री ऑयल को मिलाएं।

– इसे अच्छी तरह से मिलने तक हिलाएं।

– सोने से पहले इस मिश्रण को साफ मस्कारा वैंड या कॉटन स्वैब से अपनी आइब्रो पर लगाएं।

– इसे रात भर लगा रहने दें और सुबह धो लें।

जैतून का तेल और शहद से बनाएं सीरम

जैतून का तेल और शहद भी एक बेहतरीन आईब्रो हेयर सीरम साबित हो सकता है। यह उसे जरूरी नरिशमेंट देता है।

आवश्यक सामग्री–



– 1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल

– 1 छोटा चम्मच शहद

इस्तेमाल का तरीका–

– एक छोटे कंटेनर में जैतून का तेल और शहद को अच्छी तरह से मिलाएं।

– अब इस सीरम को अपनी आईब्रो पर लगाने के लिए एक साफ मस्कारा वैंड या कॉटन स्वैब का इस्तेमाल करें।

– इसे 30 मिनट से एक घंटे तक लगा रहने दें, फिर गुनगुने पानी से धो लें।

नारियल तेल और एलोवेरा जेल सीरम

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो आप नारियल तेल और एलोवेरा जेल की मदद से आईब्रो हेयर सीरम तैयार करें।

आवश्यक सामग्री–

– 1 बड़ा चम्मच नारियल तेल

– 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल

इस्तेमाल का तरीका–

– नारियल तेल और एलोवेरा जेल को एक छोटे कंटेनर में मिलाएं।

– अब इसे अच्छी तरह मिलने तक हिलाएं।

– सोने से पहले एक साफ मस्कारा वैंड या कॉटन स्वैब से इस मिश्रण को अपनी आईब्रो पर लगाएं।

– इसे रात भर लगा रहने दें और सुबह धो लें।

## संक्षिप्त

### सेबी ने नियामकीय उल्लंघन के लिए बीएसई पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को बीएसई पर सभी हितधारकों को कॉरपोरेट खुलासे तक समान पहुंच प्रदान करने में विफल रहने और कारोबार के दौरान लगातार संशोधन करने वाले ब्रोकरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बाजार नियामक ने फरवरी, 2021 और सितंबर, 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया। सेबी ने 45 पन्नों के अपने आदेश में कहा कि बीएसई की प्रणाली ढांचे ने इसके भुगतान करने वाले ग्राहकों और आंतरिक सूचीबद्धता अनुपालन निगरानी (एलसीएम) टीम को कॉरपोरेट घोषणाओं तक वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक होने से पहले पहुंच प्रदान की,जिससे मानदंडों का उल्लंघन हुआ। नियामक ने यह भी देखा कि डेटा प्रसार प्रक्रिया में सभी हितधारकों के लिए एक साथ और समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की कमी थी, जो बाजार की अखंडता को बनाए रखने और अनुचित सूचना लाभ को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बाद सेबी ने निष्कर्ष निकाला कि बीएसई प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) एसईसीसी (स्टॉक एक्सचेंज और क्लियरिंग कॉरपोरेशन) विनियम, 2018 के विनियमन 39 (3) का अनुपालन करने में विफल रहा, जो शेयर बाजार को सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने का आदेश देता है। इसने यह भी पाया कि बीएसई ने वास्तव में सरल सिंडिकेशन (आरएसएस) फ़ीड स्थापित नहीं किया, जो कॉरपोरेट खुलासे तक असमान पहुंच के जोखिम को कम कर सकता था। हालांकि, बाद में शेयर बाजार ने इस मुद्दे को हल करने के लिए उपाय किए, लेकिन सेबी ने माना कि निरीक्षण में खामियों को उजागर करने के बाद ही ऐसी सुधारात्मक कार्रवाई की गई थी।

### अंडमान बैंक ऋण अनियमितता मामले में तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह में एक सहकारी बैंक की ओर से ऋण स्वीकृत करने में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि ये गिरफ्तारियां बुधवार रात को की गईं क्योंकि इन लोगों ने संदिग्ध बैंक लेनदेन किया था। उन्होंने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षों में अपने खातों से संदिग्ध बैंक लेनदेन करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान, उन्होंने घोटाले में अंडमान और निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड (एएनएससीबीएल) के वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता का खुलासा किया। हमने कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। जांच जारी है। 15 मई को एएनएससीबीएल के उपाध्यक्ष और पूर्व कांग्रेस सांसद कुलदीप राय शर्मा के खिलाफ विभिन्न लोगों को भारी मात्रा में ऋण स्वीकृत करने में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिकारी ने बताया, जांच के दौरान, हमें एक ड्राइवर (बैंक ऋण घोटाले में एक आरोपी का कर्मचारी), पोर्ट ब्लेयर के चौलदारी में एक चाय की दुकान के मालिक और एक मैकेनिक के बैंक खातों में पैसे के कुछ दिलचस्प रास्ते मिले हैं। हम सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। शर्मा के अलावा एफआईआर में सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष, बोर्ड के सदस्य और बैंक के निदेशक/अधिकारी तथा कई लाभार्थी भी शामिल हैं। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि आरोप हैं कि एएनएससीबीएल की प्रबंध समिति ने ऋण स्क्रीनिंग समिति की सिफारिशों की अनदेखी की तथा ऋण स्वीकृत करते समय सीआईबीआईएल रिपोर्ट और अनिवार्य दस्तावेजों को नजरअंदाज किया। पुलिस को सहकारी समितियों के उप रजिस्ट्रार (मुख्यालय) से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें ऋणदाता की ओर से विभिन्न लोगों को ऋण स्वीकृत करने में घोर अनियमितताएं बरतने का आरोप लगाया गया था।

### एटीएम लेनदेन में पीएसयू बैंक आगे; डिजिटल क्षेत्र में निजी बैंकों का दबदबा, रिपोर्ट में किया गया दावा

नई दिल्ली। एटीएम और कैश डिपॉजिट मशीन (सीआरएम) के माध्यम से किए गए लेनदेन के मूल्य के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का दबदबा जारी है। दूसरी ओर, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों ने ऑनलाइन (ई–कॉमर्स) लेनदेन मूल्य में मजबूत बढ़त बनाए रखी है। इंडस इक्विटी की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में एटीएम और सीआरएम पर लेनदेन का कुल मूल्य 2.45 लाख करोड़ रुपये था। इसमें से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की कुल एटीएम और सीआरएम लेनदेन मूल्य का 67.52 प्रतिशत हिस्सा है। निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 30.35 प्रतिशत थी, जबकि लघु वित्त बैंकों और अन्य की हिस्सेदारी क्रमशः 1.33 प्रतिशत और 0.79 प्रतिशत थी। हालांकि, मार्च 2025 की तुलना में, जब कुल एटीएम और सीआरएम लेनदेन मूल्य 2.63 लाख करोड़ रुपये था। मार्च में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी थोड़ी कम यानी 67.03 प्रतिशत थी, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 30.78 प्रतिशत थी। इससे पता चलता है कि मई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है, जबकि निजी बैंकों की हिस्सेदारी में मामूली गिरावट आई है। दूसरी ओर, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, विशेष रूप से ई–कॉमर्स के माध्यम से किए गए लेन–देन के मूल्य पर निजी क्षेत्र के बैंकों का भारी दबदबा रहा। मई 2025 में ऑनलाइन (ई–कॉमर्स) लेनदेन का कुल मूल्य 1.32 लाख करोड़ रुपये था। इसमें से निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी लगभग तीन–चौथाई थी, यानी 73.75 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी। ऑनलाइन लेनदेन में 20.44 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक काफी पीछे थे। मार्च 2025 के आंकड़ों से तुलना करें तो मई में ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का कुल मूल्य 1.43 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा कम होकर 1.32 लाख करोड़ रुपये रह गया है। निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी भी 75.35 प्रतिशत से घटकर 73.75 प्रतिशत हो गई, लेकिन वे इस क्षेत्र में हावी रहे।

# बल्लेबाज यशस्वी पर भारी उनकी खराब फील्डिंग, पिछले तीन टेस्ट में छोड़े इतने कैच, तीनों में हारी टीम

नई दिल्ली। यशस्वी जायसवाल इन दिनों काफी चर्चा में हैं। दरअसल, लीड्स के हेडिंग्ले में टीम इंडिया की हार के बाद वह सवालों के कटघरे में हैं। उन्होंने इस मुकाबले में चार कैच छोड़े और चारों ने फिर भारत के खिलाफ खूब रन बनाए। सिर्फ यशस्वी ने नहीं, बल्कि बाकी भारतीय फील्डर्स से भी कैच छूटे। टीम इंडिया की खराब फील्डिंग से लीड्स में इंग्लैंड ने पांच विकेट से जीत हासिल की। यशस्वी के कैच छोड़ने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया देखने लायक थी। वह बेहद निराश नजर आ रहे थे। अब जब दूसरा टेस्ट दो जुलाई से खेला जाएगा तो यशस्वी से फील्डिंग के स्तर में सुधार की गुंजाइश होगी। क्रिकेट मैच में यह कहावत काफी प्रसिद्ध है कि कैच छोड़ो मैच छोड़ो। पिछले तीन टेस्ट में यह कहावत सही साबित हुई है। यशस्वी ने इन मैचों में जितने रन बनाए, उससे ज्यादा रन जिनको उन्होंने जीवनदान दिया, उसने बना डाले। यशस्वी आने वाले समय के सितारे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है, लेकिन उनकी फील्डिंग लीड्स टेस्ट के बाद सवालों के घेरे में आ गई। यशस्वी ने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान बेन डकेट का कैच छोड़ा। तब वह 97 रन पर थे। इसके बाद उन्होंने 149 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, पहली पारी में भी यशस्वी ने स्लिप में शतकवीर ओली पोप और हैरी ब्रूक के भी कैच छोड़े। पहली पारी में ब्रूक ने 99 रन और पोप ने 106 रन बनाए। इससे फैंस काफी नाराज हुए। फिर यशस्वी को चार कैच छोड़ने के बाद इंग्लिश फैंस के सामने डांस करते भी देखा गया। इस पर गावस्कर समेत कई पूर्व क्रिकेटर्स ने उनकी क्लास लगाई, वहीं कैफ और अश्विन समेत कुछ पूर्व क्रिकेटर्स ने उनका बचाव भी किया।

**यशस्वी की बल्लेबाजी पर हावी खराब फील्डिंग**

यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पिछले साल मेलबर्न टेस्ट से कुल मिलाकर तीन टेस्ट खेले हैं। मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी से यशस्वी ने कुल मिलाकर सात कैच ड्रॉप किए हैं। यशस्वी ने इस दौरान पांच पारियों (दूसरी पारी से) में बल्लेबाजी की है और 221 रन बनाए हैं। इसमें 84 रन, 10 रन, 22 रन, 101 रन और चार रन की पारियां शामिल हैं। हालांकि, जो सात कैच उन्होंने ड्रॉप किए, उन बल्लेबाजों ने जीवनदान मिलने के बाद 229 रन बना डाले। यानी यशस्वी की बल्लेबाजी पर उनकी खराब फील्डिंग हावी रही है।




**अश्विन ने किया यशस्वी का बचाव**

हालांकि, अश्विन ने यशस्वी का बचाव करते हुए कहा कि श्स्लिप कॉर्डन पर यशस्वी के कैच छोड़ने को लेकर कई बातें हुई हैं। हां, उसे यह मुश्किल लग रहा होगा, लेकिन आइए हम सब बस कुछ समझें और उन्हें थोड़ा आराम से रहने दें, जो हम अक्सर करने में विफल रहते हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि इंग्लैंड में कैच पकड़ना कितना मुश्किल है। वहां ठंड रहती है और ड्यूक की गेंद भी अहम किरदार निभाती है।

**ड्यूक गेंद से ढलने में लगता है समय**

अश्विन ने कहा, ड्यूक गेंद से ढलने में समय लग सकता है। एसजी गेंद हाथ में अच्छे से आती है और आरामदायक महसूस होता है। कूकाबूरा छोटी लगती है। ड्यूक कठिन है और निश्चित रूप से गेंद बड़ी लगती है और उसे कैच करना आसान नहीं है। यशस्वी भारत के सबसे बेहतर स्लिप फील्डर्स में से एक रहे हैं। उन्होंने हाल के दिनों में कुछ शानदार कैच लपके हैं, खासतौर पर टेस्ट क्रिकेट में। इसलिए हमें उन्हें कुछ समय देना चाहिए।

**कैफ ने यशस्वी को दी यह सलाह**

वहीं, कैफ ने एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, यशस्वी जायसवाल कैच क्यों छोड़ रहे हैं? हम ड्यूक की गेंद से अभ्यास कर रहे हैं और जब हमें चोट लगती है, तो हम पट्टी बांध लेते लेते हैं। इस स्थिति में अंगुलियां फंस जाती हैं और अंगुलियां स्वतंत्र रूप से मूव नहीं कर पातीं। आप कैच को पकड़ नहीं पाते क्योंकि पट्टी स्पंज बन जाता है। गेंद इससे उछलती है और यशस्वी के साथ यही दिक्कत आ रही है। गेंद के साथ स्वाभाविक जुड़ाव नहीं खोना चाहिए।

# अपने बल्ले से क्रिकेट को नया रूप दे रहे हैं ऋषभ, पंत का मुरीद हुआ यह पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज और भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चौपल ने ऋषभ पंत की जमकर तारीफ की है। लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में पंत के शतक के बाद चौपल ने कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज बल्लेबाज के तौर पर खेल को नया रूप दे रहे हैं। पंत ने पहले टेस्ट में 134 (178 गेंद, 12 चौके, छह छक्के) और 118 रन (140 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) की पारियां खेलीं। इस दौरान उन्होंने कुछ रिकॉर्ड भी बनाए। भारत ने हालांकि यह मैच पांच विकेट से गंवा दिया।

**पंत को देखकर चौपल को आई गिलक्रिस्ट की याद**

चौपल ने कहा कि भारत के टेस्ट उप कप्तान पंत ऐसे शॉट खेल रहे हैं जो एमसीसी प्लेइंग मैनुअल में भी नहीं हैं। उन्होंने बुधवार को एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान कहा, श्जब मैंने पहली बार उन्हें देखा तो उसने मुझे एडम गिलक्रिस्ट की याद आ गई थी। बेशक एक अलग तरह का खिलाड़ी। जब एक विकेटकीपर उस स्तर पर बल्लेबाजी कर सकता है और तेजी से रन बना सकता है तो यह टीम के लिए कितना बड़ा अंतर पैदा कर सकता है, आप समझ सकते हैं।

**बल्लेबाज के रूप में खेल को नया रूप दे रहे**

उन्होंने कहा, खूबसूरती यह है कि ऋषभ बहुत तेजी से रन बनाते हैं, जिससे आपको क्रिकेट मैच जीतने का समय मिल जाता है। उनका प्रदर्शन शानदार था। उन्होंने जो शॉट खेले उनमें से कुछ एमसीसी की खेल नियमावली में नहीं थे। वह एक बल्लेबाज के रूप में खेल को नया रूप दे रहे हैं। आधुनिक तकनीक के साथ बल्ले बहुत अलग हैं और आप ऐसे शॉट खेल सकते हैं जो पुराने जमाने में संभव नहीं थे। उन्हें देखना रोमांचक है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि कोई कभी नहीं जान सकता कि पंत क्रिकेट के मैदान पर क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा, आप कभी नहीं जानते कि पहली गेंद से उनसे क्या उम्मीद की जाए।







चर्चित कथाकार और शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव जी का ग्रामीण पृष्ठभूमि पर लिखा बहु प्रतीक्षित







समूह के लोकप्रिय साहित्यकार श्री उमेश श्रीवास्तव जी का कहानी संग्रह इलाहाबाद मडुवाडीह पैसेंजर प्रकाशित हो गया है। उमेश श्रीवास्तव जी को बहुत बधाई एवम शुभकामना।







ठिगना भाई ठाढ़े भये (Thigna Bhai Thade Bhaye)

## संक्षिप्त

### ईरान ने संघर्ष के दौरान एकजुटता दिखाने वाले भारतीय संस्थानों और लोगों को धन्यवाद दिया

ईरान ने बुधवार को भारत के उन ''स्वतंत्रता–प्रेमी'' नागरिकों, राजनीतिक दलों, संस्थानों और अन्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया जो इजराइल और अमेरिका के सैन्य हमलों के दौरान ईरान के साथ खड़े रहे। ईरानी दूतावास ने एक बयान में कहा कि वह तेहरान का साथ देने वालों के ''सच्चे और अनमोल समर्थन'' की सराहना करता है। हालांकि, उसने भारत सरकार का कोई संदर्भ नहीं दिया। रविवार सुबह अमेरिका द्वारा



ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के बाद ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष बढ़ गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा की। बुधवार को युद्ध विराम लागू होता दिख रहा है। भारत ने मंगलवार को संघर्ष विराम का स्वागत किया और कहा कि वह स्थिति को सुलझाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। दूतावास ने कहा कि जब ईरानी लोग सैन्य हमले का सामना कर रहे थे, तब एकजुटता, समर्थन, सार्वजनिक बयान और शांति संबंधी संदेश प्रोत्साहन का स्रोत थे।

### कांग्रेस नेता शशि थरूर ने मॉस्को में रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मुलाकात की

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बुधवार को मॉस्को में एक कार्यक्रम के दौरान रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। रूस की यात्रा पर आए थरूर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मॉस्को में 'प्रिमाकोव रीडिंग्स' के दौरान पुराने मित्र रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा।'' विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति के प्रमुख थरूर ने संयुक्त राष्ट्र में रूस के पूर्व राजदूत आंद्रेई डेनिसोव




से भी मुलाकात की, जो अब रूसी संघ परिषद की अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष हैं। वार्षिक प्रिमाकोव रीडिंग्स भारत सहित 40 देशों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों और विश्व अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञों की एक बैठक है। हाल में एक बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए थरूर ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके बाद की सैन्य कार्रवाई के संबंध में भारत का रुख बताने के लिए अमेरिका और चार अन्य देशों का दौरा किया था।

### नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 14 सैनिकों की हत्या की

नाइजीरिया के उत्तर–मध्य नाइजर राज्य में सैकड़ों बंदूकधारियों के साथ संघर्ष में 14 सैनिक मारे गए। सेना के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कि इस ऑपरेशन में दुश्मनों को भी काफी नुकसान हुआ है। सेना प्रवक्ता अपोलोनिया एनेले के अनुसार, मंगलवार को 300 से अधिक बंदूकधारी मारिगा परिषद क्षेत्र में जंगलों से गांवों पर हमला करने की योजना बना रहे थे, तभी सेना ने उनसे निपटने के लिए सैनिकों को तैनात किया। एनेले ने बताया कि अभियान में 10 सैनिक घायल भी हो गये।

### ट्रंप ने भारत–पाकिस्तान युद्ध रुकवाने का फिर से किया दावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को फिर से दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवा दिया और दोनों देशों से कहा कि यदि वे लड़ाई जारी रखेंगे तो अमेरिका उनके साथ व्यापार नहीं करेगा। चार दिनों तक ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान 10 मई को सैन्य टकराव रोकने पर सहमत हुए। ट्रंप ने नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के बाद एक प्रेस वार्ता के



दौरान कहा कि भारत और पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ व्यापार को लेकर कई बार फोन पर बात की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''मैंने कहा, 'देखिए, अगर आप एक–दूसरे से लड़ते हैं... यह बहुत बुरा हो रहा था, आप जानते हैं कि पिछला हमला कितना बुरा था।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश राज्य के प्रयागराज जिले से प्रकाशित समाचार पत्र को समस्त जनपदों में एवम तहसील व ब्लॉक/शहर में ब्यूरो प्रमुख, चीफ रिपोर्टर, संवाददाता, प्रतिनिधि मण्डल की अवश्यकता है जिन्हे आकर्षण वेतन और भत्ते आदि सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सम्पर्क सूत्र
शहर समता हिन्दी दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र
मोबाईल नम्बर. 9190052 39332
.919450482227

# ब्राजील ने दिया पीएम मोदी को स्टेट डिनर का न्योता, शी जिनपिंग का गुस्सा भड़का, ब्रिक्स सम्मेलन में जाने से किया इंकार




चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले महीने ब्राज़ील में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे, यह कोई सामान्य खबर नहीं है क्योंकि 12 साल पहले पदभार संभालने के बाद से ब्रिक्स देशों की बैठक में यह जिनपिंग की पहली अनुपस्थिति होगी। जिनपिंग की जगह उनके विश्वासपात्र और चीनी प्रधानमंत्री ली क़ियांग 6–7 जुलाई को होने वाले इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी शामिल होने की संभावना है। इस बात की अटकलें हैं कि ब्राज़ील द्वारा ब्रिक्स सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री मोदी को राज्य भोज (स्टेट डिनर) के लिए दिया गया निमंत्रण चीनी राष्ट्रपति को चुभ गया है इसलिए वह इस सम्मेलन में भाग नहीं ले रहे हैं। राजनयिक हलकों में माना जा रहा है कि शी इस आयोजन में मोदी के साथ मंच साझा करने पर एक सहायक भूमिका में दिख सकते थे इसलिए भी उन्होंने यहां आने से परहेज किया। चीन वर्तमान में भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों और सीमा विवाद के बीच प्रधानमंत्री मोदी को अतिरिक्त सम्मान दिए जाने को राजनयिक संतुलन में असमानता के रूप में देख रहा है। हम आपको बता दें कि ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान आमतौर पर सदस्य देशों के प्रमुख नेताओं के बीच समान स्तर पर संवाद होता है, लेकिन किसी एक नेता को प्रमुखता देना अन्य सदस्य देशों को असहज कर सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह घटना भारत–चीन संबंधों में चल रहे तनाव को भी एक बार फिर उजागर करती है। हालाँकि भारत और चीन ने अतीत में कई बहुपक्षीय मंचों पर साथ काम किया है, लेकिन गलवान संघर्ष और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दों के कारण आपसी विश्वास में कमी आई है। हालाँकि, चीन ने ब्राज़ील को यह बताया है कि राष्ट्रपति शी ष्अन्य कार्यक्रमों की व्यस्तताष के कारण शिखर सम्मेलन में नहीं आ सकेंगे। उधर, पहले माना जा रहा था कि इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति की द्विपक्षीय मुलाकात हो सकती है लेकिन अब उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों नेताओं के बीच अगली संभावित मुलाकात चीन में होने वाले एससीओ सम्मेलन में हो सकती है, बशर्ते पीएम मोदी उसमें भाग लें। हम आपको बता दें कि इस समय चीन का ध्यान अगस्त के अंत या सितंबर की शुरुआत में आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (ब्) के शिखर सम्मेलन पर केंद्रित है, जिसकी मेज़बानी चीन स्वयं करेगा। हम आपको बता दें कि ब्रिक्स (ठत्प्ैे) में ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। हाल ही में इस समूह का विस्तार करते हुए मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को भी सदस्य बनाया गया है। हम आपको यह भी बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। मॉस्को में क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने घोषणा की, ''रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ब्राजील में आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वीडियो लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।'' हम आपको बता दें कि ब्रिक्स के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में ब्राज़ील 6–7 जुलाई को रियो डी जेनेरियो में उसके नियमित 17वें शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। ब्रिक्स में ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इस समूह का विस्तार पांच अतिरिक्त सदस्य देशों मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ किया गया है। हम आपको यह भी बता दें कि यूक्रेन के अनुरोध पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत (आईसीसी) द्वारा पुतिन के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट के कारण पुतिन वर्ष 2023 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हुए थे। दक्षिण अफ्रीका की तरह ब्राजील भी आईसीसी का हस्ताक्षरकर्ता है और इसके आदेशों पर काम करने के लिए बाध्य है।

# भारत से बात करा दो...किस देश के सामने जाकर गिड़गिड़ाए शहबाज शरीफ



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर भारत के साथ द्विपक्षीय वार्ता जारी रखने की इच्छा जताई है। इसके बाद भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने और पाकिस्तान के साथ व्यापार रोकने सहित दंडात्मक कार्रवाई शुरू की। शरीफ ने सऊदी नेता से चर्चा के दौरान कहा कि पाकिस्तान जम्मू–कश्मीर, जल, व्यापार और आतंकवाद सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ सार्थक बातचीत करने के लिए तैयार है। हालांकि, भारत ने इस मुद्दे पर अपना दृढ़ रुख बनाए रखा है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि पाकिस्तान के साथ बातचीत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी और आतंकवाद को खत्म करने के प्रयासों तक सीमित रहेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जोर देकर कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उद्धृत करते हुएरू ष्आतंक और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते, आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते, और पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। 2 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पाकिस्तान नियंत्रित क्षेत्रों में प्रमुख आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। इसके परिणामस्वरूप चार दिनों तक सैन्य झड़पें हुईं, जो 10 मई को शत्रुता समाप्त करने के लिए इस्लामाबाद द्वारा पहले प्रस्तावित शांतिपूर्ण समझौते के बाद शांत हो गईं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने भारत के साथ हाल ही में हुए गतिरोध के दौरान सऊदी अरब के लगातार समर्थन के लिए अपना गहरा आभार व्यक्त किया। यह पहली बार नहीं है जब शरीफ ने शांति वार्ता के बारे में बात की है। पिछले महीने ईरान और अजरबैजान की यात्रा के दौरान उन्होंने भारत के साथ कश्मीर, आतंकवाद, जल और व्यापार से जुड़े सभी विवादों को सुलझाने की इसी तरह की इच्छा व्यक्त की थी।

# राम मंदिर का विरोध, भारत के खिलाफ जहर... अमेरिका में ट्रंप पर भारी पड़ने वाला ये भारतीय विवादों का है किंग

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में 33 वर्षीय जोहरान ममदानी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। पहली बार दक्षिण एशियाई, भारतवंशी और मुस्लिम मूल के ममदानी ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को हराया है। लेकिन क्यूमो ने अपनी हार स्वीकार कर ली। यानी अब ममदानी डेमोक्रेट पार्टी के न्यूयॉर्क मेयर के आधिकारिक उम्मीदवार



होंगे। ममदानी के इलेक्शन कैंपेन में बॉलीवुड से लेकर इजरायल तक का जिक्र है। कहीं खूब वाहवाही मिली तो कहीं आलोचना। न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए ज़ोहरान ममदानी की संभावित उम्मीदवारी ने सोशल मीडिया पर चर्चाओं को जन्म दिया है। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने ममदानी के रुख पर टिप्पणी की है, उनकी हिंदू विरासत पर सवाल उठाया है जबकि उनकी मां, फिल्म निर्माता मीरा नायर की प्रशंसा की है। 33 वर्षीय डेमोक्रेट ममदानी दौड़ में आगे चल रहे हैं, लेकिन कथित भारत विरोधी और हिंदू विरोधी विचारों के लिए आलोचना का सामना कर रहे हैं। विवादास्पद रैलियों में उनकी भागीदारी और मोदी सरकार की आलोचना ने भी ध्यान आकर्षित किया है। डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट ममदानी न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम और एक सदी में सबसे युवा मेयर बनने की राह पर हैं। अपनी जीत के बाद ममदानी ने कहा कि मैं डोनाल्ड ट्रम्प का सबसे बुरा सपना बनूंगा। हम न्यूयॉर्क को हर न्यूयॉर्कर के लिए अफॉर्डेबल और सुरक्षित बनाएंगे। ममदानी ने न्यूयॉर्क की जनता के बीच तेजी से जगह बना ली है। वो भी इतनी की एक्सपर्ट्स न्यूयॉर्क के मुख्य चुनाव में भी उन्हीं की जीत की संभावना जता रहे हैं।

कंगना ने लगाया भारत से ज्यादा पाकिस्तानी जैसा बोलने का आरोप

कंगना रनौत ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि उनकी मां मीरा नायर हैं, जो हमारी बेस्ट फिल्म मेकर्स में से एक हैं। पद्मश्री हैं, एक प्यारी और प्रतिष्ठित बेटी हैं, जो महान भारत में पैदा हुईं, पली–बढ़ीं और अब न्यूयॉर्क में रहती हैं। उन्होंने एक प्रसिद्ध लेखक महमूद ममदानी (गुजराती मूल) से शादी की, और जाहिर तौर पर बेटे का नाम जोहरान है, वह भारतीय से ज्यादा पाकिस्तानी बोलते हैं। कंगना रनौत ने आगे कहा कि उनकी हिंदू पहचान या वंशावली के साथ जो कुछ भी हुआ हो, और अब वह हिंदू धर्म को मिटाने के लिए तैयार हैं, वाह!! हर जगह एक ही कहानी है। अलग–अलग मौकों पर मीरा जी से मुलाकात हुई। माता–पिता को बधाई।

पीएम मोदी को बताया था गुजरात दंगों का दोषी

जोहरान ममदानी की चर्चा जोरों पर है। अमेरिका ही नहीं बल्कि भारत में भी कई लोग उनके बारे में बात कर रहे हैं। ऐसे में जोहरान का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर टिप्पणी करते हुए एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में ममदानी ने पीएम मोदी को गुजरात दंगों का दोषी करार देते हुए कहा कि उन्होंने इस हद तक गुजराती मुसलमानों का नरसंहार करवाया कि लोगों को लगता ही नहीं है कि गुजरात में मुसलमान भी हैं।

राम मंदिर के भूमि पूजन के खिलाफ प्रदर्शन

2020 में ममदानी ने राम मंदिर के भूमि पूजन के खिलाफ टाइम्स स्क्वायर में प्रदर्शन का नेतृत्व किया, जहां भीड़ ने हिंदुओं के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। ममदानी ने कहा कि वह भारत में बीजेपी सरकार और बाबरी मस्जिद के विध्वंस के खिलाफ हैं।

# शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने चीन पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में भाग लेने के लिए बुधवार को चीन के बंदरगाह शहर किंगदाओ पहुंचे। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के संबंधों में गंभीर तनाव आने के बाद किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की यह पहली चीन यात्रा है। सिंह का किंगदाओ हवाई अड्डे पहुंचने पर भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने स्वागत किया। पाकिस्तान समर्थित सीमापार आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक हमले के अनुरूप राजनाथ सिंह बृहस्पतिवार को होने वाले एससीओ सम्मेलन में आतंकवाद पर लगाम लगाने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए एससीओ पर दबाव डालेंगे। सिंह के एससीओ सम्मेलन के दौरान अपने चीनी और रूसी समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की भी उम्मीद है। रक्षा मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने तथा आतंकवाद को समाप्त करने के लिए संयुक्त और सतत प्रयासों का आह्वान करने के लिए तत्पर हूं।

### भारत को जो एफ–35 अमेरिका बेचना चाह रहा था, वो कबाड़ बनकर 13 दिनों से केरल में धूल खा रहा, अब एयरपोर्ट पार्किंग चार्ज वसूलने की तैयारी

बीते तेरह दिनों से ब्रिटिश रॉयल नेवी का एफ 35बी लाइटिंग टब फाइटर जेट भारत में खड़ा है। 110 मिलियन डॉलर की कीमत का ये अत्याधुनिक फाइटर जेट उड़ान नहीं भर पा रहा है और भारत के तिरुवंतपुरम एयरपोर्ट पर खड़ा है। अब इसे लेकर नए अपडेट सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि 30 से 40 लोगों की एक



बड़ी टेक्निकल टीम इस फाइटर जेट को ठीक करने के लिए आ रही है। अगर ऐसा नहीं हो पाया तो फिर इसके कलपुर्जों को खोलकर विमान में पैक करके वापस ले जाया जाएगा। लेकिन इससे भी बड़ी जानकारी अब ये सामने आ रही है कि ब्रिटिश फाइटर जेट को एयरपोर्ट पर खड़े होने की कीमत चुकानी पड़ेगी। दरअसल, 14 जून की रात को कुछ इमरजेंसी के कारण रॉयल नेवी का उड़ता हथियार एफ–35 बी स्टील्थ फाइटर जेट को भारत में लैंड कराया गया। आपको बता दें कि ये वहीं लड़ाकू विमान है जिसे अमेरिका ने तैयार किया है और वो भारत को लगातार इसी की पेशकश कर रहा है। लेकिन सच्चाई ये है कि ये विमान पिछले 13 दिनों से भारत में जमीन पर खड़ा है। वैसे इस विमान को लेकर बड़े बड़े दावे किए जाते हैं। एक दावा तो ये भी है कि ये रडार में नहीं आता। लेकिन इमरजेंसी में जब इसे भारत में लैंड करना पड़ा तो भारतीय वायुसेना के आईएसीसीएस प्रणाली ने न केवल इसे ट्रैक किया बल्कि लैंडिंग से लेकर टेक्निकल सपोर्ट तक हर स्तर पर तेजी से मदद भी पहुंचाई। ये कहीं न कहीं भारतीय वायुसेना सुरक्षा प्रणाली की ताकत को दिखाता है। इसके साथ ही इससे ये भी सवाल उठता है कि क्या एस 35 उतना खतरनाक है, जितना अमेरिका इसको लेकर दावा करता है। अब खबर है कि तिरुवंतपुरम के हवाई अड्डे के बे–4 में जो ब्रिटिश फाइटर जेट पार्कड है उसे उसके लिए पार्किग शुल्क अदा करनी पड़ेगी।

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की 'हाइब्रिड मॉडल' संबंधी टिप्पणी की इमरान खान ने आलोचना की

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की देश में 'हाइब्रिड मॉडल' वाली टिप्पणी का जिक्र करते हुए बुधवार को कहा कि पाकिस्तान में इस समय ''पूर्ण सैन्य शासन और तानाशाही है, न कि हाइब्रिड सिस्टम''।

**प्रतापगढ़ ब्यूरो**
शरद कुमार श्रीवास्तव
7/31, अचलपुर, प्रतापगढ़

**संस्थापक**
स्व.कन्हैया लाल
स्व.श्रीमती साधना
**सम्पादक**
उमेश चंद्र श्रीवास्तव
**प्रबन्ध सम्पादक**
अरविन्द पाण्डेय
**संयुक्त सम्पादक**
अनंत श्रीवास्तव
**संयुक्त सम्पादक (तकनीकी)**
केशव श्रीवास्तव
**विधि सलाहकार**
कल्पना श्रीवास्तव

**शहर समता**
स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक उमेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कम्पीटेन्ट बिजनेस सर्विसेज, विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित कराकर 289/238ए,कर्नलगंज इलाहाबाद से प्रकाशित

**सम्पादक**
उमेश चन्द्र श्रीवास्तव
मो.नं.9005239332

**आर.एन.आई.नं.**
यूपीएचआईएन/2004/22466

Email : shaharsamta@gmail.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।